

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 02 अक्टूबर 2024 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-185 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 03 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## भारतीयों ने स्वच्छ भारत मिशन को अपना निजी लक्ष्य बना लिया : मोदी

**नई दिल्ली,2 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर आज स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की भी शुरुआत हुई है। मिशन अमृत के तहत देश के अनेक शहरों में वॉटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। नमामि गंगे से जुड़ा काम हो या फिर कचरे से बायोगैस पैदा करने वाले गोबरधन प्लांट, ये काम स्वच्छ भारत मिशन को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन जितना सफल होगा, उतना ही हमारा देश ज्यादा चमकेगा। आज से 1 हजार साल बाद भी जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा, तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनभागीदारी वाला, जन नेतृत्व वाला जन आंदोलन है। स्वच्छ भारत



अभियान सिर्फ साफ सफाई का कार्यक्रम ही नहीं है, इसका दायरा व्यापक रूप से बढ़ रहा है। अब स्वच्छता संपन्नता का नया रास्ता बन रही है। स्वच्छ भारत अभियान से देश में बड़े पैमाने पर रोजगार भी बन रहे हैं। स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जिस भारत का सपना गांधी जी और देश की महान विभूतियों ने देखा था, वो सपना हम सब मिलकर पूरा करें, आज का दिन हमें ये प्रेरणा देता है। आज 2 अक्टूबर के दिन मैं कर्तव्यबोध से भी भरा हुआ हूं और उतना ही भावुक भी हूं। आज स्वच्छ भारत मिशन की यात्रा 10 साल के मुकाम पर पहुंच चुकी है। स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ÷बीते पखवाड़े में देश भर में करोड़ों लोगों ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है। मुझे जानकारी दी गई है कि सेवा पखवाड़ा के 15 दिनों में देशभर में 27 लाख से ज्यादा कार्यक्रम हुए। जिनमें 28 करोड़ से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। निरंतर प्रयास करके ही हम अपने भारत को स्वच्छ बना सकते हैं। मैं प्रत्येक भारतीय का आभार व्यक्त करता हूं।



## खादी वस्त्रों की खरीदी पर मिलेगी 25 प्रतिशत की सब्सिडी

**रायपुर,2 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खादी को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है. उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर से खादी वस्त्र खरीदने पर 25 प्रतिशत की सब्सिडी मिलेगी, जो 31 मार्च 2025 तक जारी रहेगी. यह घोषणा मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024-स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह एवं खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में की. कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने धान खरीद को लेकर भी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि इंद्रदेव इस बार खुश नजर आ रहे हैं और प्रदेश में अच्छी वर्षा हुई है. धान की अच्छी पैदावार होने की संभावना है. सीएम ने कहा कि धान खरीदी को लेकर जल्द ही एक बैठक की जाएगी, जिसमें सभी संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी. मुख्यमंत्री साय ने खादी ग्राम उद्योग प्रदर्शनी का दौरा करते हुए अपनी पत्नी के लिए एक साड़ी भी खरीदी. उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक खादी का उपयोग करें. सीएम साय ने खादी के वस्त्रों को बढ़ावा देने के लिए 25% सब्सिडी की भी घोषणा की है.

### कांग्रेस को क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए : साय

कांग्रेस की न्याय यात्रा पर सीएम विष्णुदेव साय ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस को 'क्षमा यात्रा' निकालनी चाहिए. सीएम साय ने कहा, 2018 के विधानसभा चुनाव में जो वादे कांग्रेस ने किए थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं कर पाए. इसी कारण 2023 के विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें आउट कर दिया. उन्होंने आगे कहा पिछले 5 साल कांग्रेस ने जो छत्तीसगढ़ का विकास रोका और प्रदेश की जनता के साथ विश्वासघात किया, इसलिए कांग्रेस को क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए.

## टायर ब्लास्ट होने के बाद चलते ट्रक में आग

**दुर्ग,2 अक्टूबर।** रसमडा हाईवे के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया जब रसमडा औद्योगिक क्षेत्र की ओर जा रहे राजस्थान पासिंग ट्रक का टायर अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे ट्रक में आग लग गई. घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने तुरंत अग्निशमन कार्यालय दुर्ग को सूचित किया. घटना की सूचना पर अग्निशमन और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और बड़ी सावधानी से आग पर काबू पाया. फायर ब्रिगेड की टीम ने एक गाड़ी पानी से ट्रक में लगी आग को बुझाई.

## ईरान को अब ऊपर वाला भी नहीं बचा सकता : नेतन्याहू



**यरुशलम,2 अक्टूबर।** इजरायल-ईरान के बीच युद्ध छिड़ गया है। मंगलवार देर रात फिलिस्तीन समर्थित ईरान ने इजराइल पर बैलेस्टिक मिसाइल से हमला किया। हालांकि, इसमें अब तक बड़े नुकसान की खबर नहीं है। तेल अवीव में 2 नागरिक घायल हुए हैं। ईरान के हमले के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को धमकी दी है। इजरायली पीएम नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने इजरायल पर हमला करके बहुत बड़ी लगती की है। ईरान को अब ऊपर वाला भी नहीं बचा सकता। कीमत चुकाने के लिए तैयार रहो। नेतन्याहू ने कहा कि शाम को इजरायल पर हमला विफल रहा। उन्होंने अमेरिका को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इजरायल की वायु रक्षा प्रणाली जो दुनिया में सबसे उन्नत है, उसकी बदौलत हमने ईरानी हमले को विफल कर दिया है। इजरायल के प्रधानमंत्री ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उसने तेल अवीव पर हमला करके 'बहुत बड़ी गलती' की है और उन्होंने ईरान के मिसाइल हमले का जवाब देने की कसम खाई है। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान इजरायल पर हमले की कीमत चुकाएगा, जिसमें 200 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। इससे पूरे इजरायल में हवाई हमले के सायरन बजने लगे और नागरिकों को सुरक्षित क्षेत्रों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने आज रात बहुत बड़ी गलती की है और इसकी कीमत उसे चुकानी होगी। जिसने भी हम पर हमला किया है, हम उसपर वापस हमला करेंगे।

## संक्षेप

### बीजापुर में जीपीएस ट्रैकर और कैमरे से लैस गिद्ध मिला

**बीजापुर,2 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले और तेलंगाना राज्य की सीमा पर जीपीएस ट्रैकर और



कैमरे से लैस एक गिद्ध थका-हारा बैठा हुआ ग्रामीणों को मिला। बताया जा रहा है कि, थकान के कारण तेलंगाना के भद्राद्री-कोतागुडेम जिले के चेरला इलाके में यह गिद्ध उतरा था। मिली जानकारी के मुताबिक, चेरला इलाके में एकलव्य स्कूल के पास गिद्ध ग्रामीणों के घर के पास उतरा था। ग्रामीणों ने करीब जाकर देखा तो गिद्ध जीपीएस ट्रैकर और कैमरे से लैस था। ग्रामीणों ने थके हुए गिद्ध को मांस के टुकड़े और रोटी खिलाने के बाद छोड़ दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना भी नहीं दी। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त गिद्ध अब फिर से जीपीएस ट्रैकर और कैमरे से लैस आसमान पर उड़ान भर रहा है। नक्सल प्रभावित इलाके में तेलंगाना और बीजापुर की सीमा पर जीपीएस ट्रैकर और कैमरे से लैस गिद्ध का मिलना कई संदेहों को जन्म दे रहा है।

### गांधी जयंती के दिन स्कूल खोलकर धार्मिक शिक्षा देने पर बवाल

**अंबिकापुर,2 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थित कार्मेल स्कूल में हिंदू संगठनों ने हंगामा कर दिया है। बताया जा रहा है कि, गांधी जयंती की छुट्टी के दिन भी छात्र-छात्राओं को स्कूल बुलाकर ईसाई धर्म का पाठ पढ़ाने की जानकारी लोगों को मिली थी। मिली जानकारी के अनुसार धार्मिक पाठ पढ़ाए जाने की बात फैलते ही हिंदू संगठनों के लोग स्कूल पहुंचे। हिन्दू संगठनों से जुड़े हुए लोगों ने स्कूल के सामने जमकर हंगामा कर दिया। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और पुलिस की टीम स्कूल पहुंची। स्कूल की मनमानी के खिलाफ हिन्दू संगठनों में भारी आक्रोश देखा गया। स्कूल पहुंचे बच्चों को प्रशासन ने घर वापस भिजवाया। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने जांच के बाद कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### पुणे में हेलीकॉप्टर क्रैश, 2 पायलट समेत तीन की मौत

**पुणे,2 अक्टूबर।** महाराष्ट्र के पुणे में हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। हादसे में 2 पायलट समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के पास से उड़ान भरी थी और कुछ ही देर बाद वह पुणे के बावधन बुद्रुक गांव के पास हादसे का शिकार हो गया। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है ऑक्सफोर्ड गोल्फ क्लब के हेलीपैड से उड़ान भरने के तुरंत बाद हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना सुबह 7.00 बजे से 7.10 बजे के बीच हुई। इस क्षेत्र में घने कोहरे के कारण दुर्घटना होने का अंदेशा है। हालांकि हादसे की सटीक जानकारी के लिए आधिकारिक जांच चल रही है।आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंच गई हैं और बचाव कार्य जारी है. हिंजवडी पुलिस स्टेशन (पिंपरी चिंचवड़ पुलिस) और विमानन अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। इससे पहले 24 अगस्त को भी पुणे में एक हादसा हुआ था जब एक निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था।

### किसान नेता टिकैत आएंगे

**रायपुर,2 अक्टूबर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत आज छत्तीसगढ़ आ रहे है। वह गुरुवार को बीजापुर में आयोजित किसान महापंचायत में शामिल होंगे। टिकैत आज शाम 5.30 बजे रायपुर पहुंचेंगे। महापंचायत में वे किसानों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेंगे। जानकारी के मुताबिक राकेश टिकैत दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आएंगे।

## बच्चों के प्रदर्शन मामले में हाईकोर्ट नाराज

**बिलासपुर,2 अक्टूबर।** हाईकोर्ट ने रायपुर में प्रयास विद्यालय के छात्रों के सड़क पर उतरकर प्रदर्शन और चक्काजाम करने के मामले में संज्ञान लिया है और जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है. हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने चीफ सेक्रेटरी को इसकी जांच कराने के साथ ही शपथ पत्र पेश करने कहा है. कोर्ट ने जिम्मेदारों से सवाल किया है कि बच्चों को इस तरह से सड़क पर उतरने की अनुमति कैसे दे दी जाती है. मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी. दरअसल, रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय के 10वीं कक्षा के छात्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर सोमवार को विधानसभा का घेराव करने सड़कों पर उतर आए थे. इस दौरान छात्रों ने चक्काजाम कर दिया और विधानसभा घेरने निकल गए. हालांकि, उन्हें पुलिस ने रोक लिया. इस मामले में हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है. मामले की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच को महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत और उप महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने बताया कि मामले की संबंधित अधिकारी ने जानकारी ली और छात्रों की समस्या का समाधान किया जा रहा है.

## ईरान और इजरायल में तनाव,एक्शन में भारत

**नई दिल्ली,2 अक्टूबर।** ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव के बीच बड़ा अपडेट सामने आया है। भारतीयों के लिए विदेश मंत्रालय की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। एमईए ने ट्वीट करते हुए भारतीयों को ईरान न जाने की सलाह दी है। इससे पहले इजरायल के लिए भारत ने एडवाइजरी जारी की थी। अब ईरान में जो भारतीय रह रहे हैं उनके लिए भी अलर्ट जारी किया गया है। इस एडवाइजरी में उन्होंने कहा है कि भारतीय दूतावास के संपर्क में आप लगातार रहे। इसी के साथ साथ ईरान में जो भारतीय रहे हैं इस वक्त अलर्ट मोड पर रहे। इसके साथ ही कहा गया है कि जो भारतीय ईरान जाना चाहते हैं वो इस वक्त न जाएं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार कहा गया कि हम क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में हालिया वृद्धि पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। भारतीय नागरिकों को ईरान की सभी गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। वर्तमान में ईरान में रहने वालों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें। इजरायल के लिए भी विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा था कि भारतीय नियमों का पालन करें। सेल्टर में खुद को सुरक्षित रखें। कृपया सावधानी बरतें, देश के भीतर अनावश्यक यात्रा से बचें और सुरक्षा आश्रयों के करीब रहें। दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इजरायली अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि यह हमला इजरायल द्वारा हाल ही में आतंकवादी नेताओं की हत्याओं और लेबनान और गाजा में आक्रामकता के प्रतिशोध में था। रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि इसकी सेनाओं ने पहली बार हाइपरसोनिक फतह मिसाइलों का इस्तेमाल किया और इसकी 90% मिसाइलों ने इज़राइल में अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक मारा।

## विनेश फोगाट का दावा आया था नरेंद्र मोदी का फोन, लेकिन मैंने बात नहीं की

**नई दिल्ली,2 अक्टूबर।** भारत की पूर्व महिला पहलवान विनेश फोगाट पिछले कुछ समय से चर्चा में हैं. पेरिस ओलंपिक 2024 में 50 किलोग्राम कुश्ती के फाइनल मुकाबले के दिन उनका वजन थोड़ा ज्यादा पाया गया, इसलिए वे अयोग्य घोषित कर दी गईं. जब वे टूट गईं, तो क्या उनके पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोन आया था? विनेश फोगाट ने खुद बताया कि हां, लेकिन उन्होंने मोदी से बात नहीं की थी. इसका कारण यह था कि वे चाहती थीं कि प्रधानमंत्री से किसी भी तरह की बातचीत की रिकॉर्डिंग वे खुद करेंगी. भारतीय अधिकारियों ने इस शर्त को नहीं माना, इसलिए उन्होंने बातचीत करने से इनकार कर दिया. विनेश फोगाट ने बताया आया था फोन. मैंने मना कर दिया.



मेरे पास मेरे पास डायरेक्ट फोन नहीं आया था, लेकिन जो वहां पर अपने भारत के ऑफिशियल्य थे उनके पास फोन आया था, . मैंने कहा कि पीएम मोदी बात करना चाहते हैं, और मैंने कहा ठीक है. उन्होंने कहा कि आपका कोई आदमी नहीं होगा, हमारी टीम में दो लोग रहेंगे, एक वीडियो शूट करेंगे और एक बात करेंगे, और वीडियो सोशल मीडिया पर जाएगा. मैंने पूछा कि सोशल मीडिया पर जाएगा तो मैंने कहा, सॉरी. बाद में उन्होंने कहा, मैं अपने इमोशंस का अपनी मेहनत काज्ऐसे सोशल मीडिया पर तो मजाक नहीं बनाऊंगी. अगर उनको सच में सहानुभूति है किसी खिलाड़ी के साथ में तो बिना रिकॉर्डिंग बात कर सकते हैं. मैं बहुत धन्यवाद रहूंगी. वह शायद जानते थे कि विनेश आपसे फोन नहीं करेगा क्योंकि वह जानते थे कि जिस दिन भी उनसे बात हुई, वह 2 साल का हिसाब मांगेगी. हम ही रिकॉर्डिंग करेंगे. वह अपने लेवल पर काट सकते हैं, लेकिन मैं नहीं काटूंगा; मैं मूल डालूंगा, जो बातचीत हुई तो उन्होंने मना कर दिया.करीब 2 साल पहले उन्होंने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोला था, जिसमें उन्होंने और कई महिला पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंच पर संगीन आरोप लगाए थे. इसके बाद वे पुलिस से भिड़ गए और महीनों तक धरने पर रहे. पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई किया, नेशनल कैंप पर पहले 53 किलोग्राम भार वर्ग में हारने के बाद फिर 50 किलोग्राम भार वर्ग में क्वॉलिफाई किया.

## कांग्रेस करेगी राज्य सरकार के खिलाफ संग्राम: पायलट

**रायपुर,2 अक्टूबर**

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ पहुंचे प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने बीजेपी सरकार पर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि सरकार अगर सचेत नहीं हुई तो कांग्रेस राज्यभर में संग्राम छेड़ेगी. उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने शौक में नहीं मजबूरी में न्याय यात्रा निकाल रही है. प्रदेश में अशांति, अराजकता का माहौल है. डर में लोग जी रहे हैं, हिंसक घटनाएं हो रही है. मात्र 9 महीनों में ही सरकार फेल हो गई है. उन्होंने आगे कहा कि यह सरकार सुशासन वाली नहीं, बल्कि लोकतंत्र को खत्म करने वाली सरकार है. कांग्रेस को दबाने देश की सभी जांच एजेंसियों को लगा दिया गया है और कांग्रेस नेताओं को षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है. लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं, बल्कि लड़ने वाली पार्टी है. कांग्रेस ईंट से ईंट बजा देगी. सरकार अगर सचेत नहीं हुई तो कांग्रेस राज्यभर में संग्राम




छेड़ेगी. बता दें कि कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का समापन आज रायपुर के गांधी मैदान में हो रहा है. न्याय यात्रा 27 सितंबर को गिरौदपुरी से शुरू हुई थी जो 125 किलोमीटर की दूरी तय कर गांधी मैदान पहुंची है. समापन कार्यक्रम में एक आमसभा का आयोजन किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी चीफ दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, मोहन मरकाम, धनेंद्र साहू, रवींद्र चौबे, रुद्रगुरु, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, फूलोदेवी नेताम, विजय जांगिड़, राजेश तिवारी सहित कई विधायक शामिल होंगे.

### शतरंज में विश्व विजेता बनाने वालों को प्रोत्साहन की जरूरत

jasclaudius@gmail.com

## क्यों है इस विजय को लेकर खेल जगत में चुप्पी ?

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

15 अगस्त 1947 को मिली स्वतंत्रता के पश्चात भारत को खेलों की दुनिया में अब तक चार टीम खेल स्पर्धाओं इसमें क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज में विश्व विजेता बनने का गौरव प्राप्त है। सबसे पहले 1975 में हाकी में,1983 में क्रिकेट के एक दिवसीय मुकाबले में फिर कबड्डी के स्टेडर्ड स्टाइल में 2004 में यह करामात हमारे देश के पुरुष खिलाड़ियों ने किया। इसके पश्चात कबड्डी के स्टेडर्ड स्टाइल में 2007,2016 में फिर कबड्डी के ही सर्किल स्टाइल में भारतीय पुरुष टीम ने 2010 से 2014 फिर 2016 में कुल मिलाकर नौ बार विश्व कप जीता। इसी तरह 2013,2014,2016 में कबड्डी के सर्किल स्टाइल में भारत की महिला टीम विश्व चैंपियन बनी। क्रिकेट में भारतीय पुरुष टीम 2007 में टी-20 में पहली बार फिर 2024 में दूसरी बार विश्व चैंपियन बनीं। इसके बाद 2011 में एक दिवसीय स्पर्धा में भारतीय पुरुष टीम विश्व विजेता बनी और अब सितंबर 2024 में भारत की महिला के साथ ही पुरुष याने दोनों टीम एक साथ शतरंज की विश्व चैंपियन बनी। भारतीय खिलाड़ियों की उपरोक्त चार टीम खेल में विश्व विजेता बनना अविस्मरणीय है। सभी खेलों के खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं लेकिन अब हम देखेंगे कि कौन से खेल में कितने देशों के शामिल होने पर विश्व विजेता बनने का अवसर मिला।

1975 में कप्तान अजीत पाल सिंह के नेतृत्व में भारत हाकी के तीसरे विश्वकप में विजेता रही थी। इस टूर्नामेंट में संसार के 39 देशों के बीच चैंपियन बनने के लिए मुकाबला हुआ था। भारतीय क्रिकेट टीम पहली बार 1983 में एक दिवसीय प्रारूप में कपिलदेव के नेतृत्व में विश्व चैंपियन बनी तब सिर्फ 8 टीम ने इस स्पर्धा में भाग लिया था। इसके अलावा 28 वर्ष बाद फिर से 2011 में भारतीय टीम कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियन बनी। भारतीय क्रिकेट टीम ने 2007 में महेन्द्र सिंह धोनी के नेतृत्व टी-20 विश्वकप जीता तब क्वालीफायर 113 देशों की टीम ने भाग लिया था। इसी तरह 2024 में रोहित शर्मा के नेतृत्व में क्वालीफायर 81 टीमों के बीच भारतीय क्रिकेट टीम विश्व विजेता बनी।

इसी प्रकार कबड्डी के स्टेंडर्ड स्टाईल में 2004 में भारतीय कप्तान संजीव कुमार के नेतृत्व में भारत ने पहला विश्वकप जीता। इसमें दुनिया




के 12 टीम के बीच संघर्ष हुआ। 2007 में कबड्डी के स्टेंडर्ड स्टाइल ने 16 देश चैंपियन बनने के लिए प्रयास किया परंतु राकेश कुमार के नेतृत्व में भारत ने लगातार दूसरा विश्वकप जीता। 2016 में कप्तान अनुपकुमार के नेतृत्व में भारत 12 देशों की टीम के बीच विश्व विजेता बनी। इसी तरह पहली बार आयोजित सर्किल स्टाइल विश्वकप कबड्डी प्रतियोगिता में 2010 में कप्तान मंगल सिंह मंगा की अगुवाई में 9 देशों की टीम के बीच में से भारत विजेता बनी। 2011 में 14, 2012 में 16, 2013 में पुरुष वर्ग की 11, महिला वर्ग की 08,टीम ने भाग लिया और चैंपियन बनी। 2014 में 11 पुरुषों की तथा महिलाओं की 08 टीम में से दोनों ही वर्गों में भारत विश्व विजेता बनी। इसी तरह 2016 में सर्किल स्टाईल कबड्डी विश्वकप प्रतियोगिता में पुरुषों की 12 तथा महिलाओं की 08 टीम में भारत एक बार फिर से दुनिया की सिरमौर बनी।

अब दूसरी तरफ शतरंज के 45 वें शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारत की पुरुष टीम संसार की 188 देशों की टीम में से जबकि महिलाओं की 169 देशों की टीम में से विश्व विजेता बनी है। इस प्रकार तुलनात्माक दृष्टि से हाकी, क्रिकेट, कबड्डी के मुकाबले शतरंज में मिली सफलता अधिक महत्वपूर्ण है। इससे पहले भी भारत 2014 में पुरुष शतरंज टीम और 2022 में महिला-पुरुष दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीत चुकी है।

2024 में शतरंज में मिली ऐतिहासिक सफलता की वजह हमारे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने बचपन, किशोरावस्था, युवावस्था को शतरंज के माध्यम से इस देश के लिए समर्पित कर दिया। पुरुषों की 188 देशों साथ ही महिलाओं की 169 देशों में प्रथम स्थान पाकर स्वर्ण पदक जीतना सिर्फ हमारे खिलाड़ियों के कठिन परिश्रम, लगातार अभ्यास, संयमित जीवन और गहन प्रशिक्षण के द्वारा ही संभव हुआ है।

खेलकूद में प्रत्येक खेल का अपना महत्व है। भारत का किसी खेल में विश्व विजेता बनना बड़ी बात है लेकिन शतरंज के खेल में अत्यंत कड़े संघर्ष में बाद 188 देशों के खिलाड़ियों में ओपन वर्ग (पुरुष वर्ग) जबकि 169 देशों की महिला टीम में विश्व विजेता होना असाधारण उपलब्धि है। ऐसे भी पिछले दिनों अन्य खेलों की तुलना में शतरंज खेल की इस उपलब्धि को लेकर हमारे देश में खुशियों की लहर या उत्साह की गर्मजोशी नहीं दिखी यह परिस्थिति हमें सोचने पर मजबूत करता है कि कहीं हम अपने ही देश में जन्म लिए खेल की उपेक्षा तो नहीं कर रहे हैं? क्या अब खेल का मतलब सिर्फ धन अर्जित करना या फिर उत्पादों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने वाले विदेशी खेलों को बढ़ावा देना है।शतरंज की उपलब्धि को भारत के घर-घर तक पहुंचाने का लाभ सिर्फ शतरंज को नहीं वरण हमारे देश में खेलकूद का सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक होगा।

### राजधानी में होगा मास्टर लीग T20,तेंदुलकर सहित कई दिग्गज खिलाड़ी आएंगे

**रायपुर,2 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है, क्योंकि एक बार फिर से रायपुर में दिग्गज क्रिकेटरों का जमावड़ा लगने वाला है। शहीद वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इंटरनेशनल मास्टर लीग T20 टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भी शिरकत करेंगे। भारत समेत कुल 6 देशों की टीमें इस टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और श्रीलंका की टीमें शामिल हैं। रायपुर के अलावा, मुंबई और लखनऊ भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। सबसे खास बात यह है कि भारतीय टीम की कप्तानी क्रिकेट के महानायक सचिन तेंदुलकर करेंगे। शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में मैचों के लिए तैयारियां जोरों पर हैं, और रायपुर के दर्शकों को अपने चहेते खिलाड़ियों को देखने का बेहतरीन मौका मिलेगा। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह टूर्नामेंट उत्साह और रोमांच से भरपूर होने वाला है।

# प्रतिवर्ष 100 घंटे सफाई करने की दिलाई गई शपथ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 2 अक्टूबर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शासकीय स्कूल, शकुन्तला विद्यालय, शंकराचार्य इंजीनियरिंग कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शकुन्तला विद्यालय, शासकीय स्कूल, शंकरा चार्य इंजीनियरिंग कालेज, डीपीएस स्कूल दुर्ग के छात्र-छात्रा एवं उनके शिक्षक, प्राचार्य, प्रोफेसर आदि की उपस्थिति में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। विधायक रिकेश सेन ने संबोधित करते हुए कहा कि लोग पहले कुछ भी खा कर प्लास्टिक, रेपर इधर-उधर सड़को में फेंक देते थे। अब वही बच्चे स्वयं अपने माता-पिता को सचेत करते हैं । कुड़े, कचरे को डस्ट बीन में ही डालने के लिए प्रेरित करते हैं। स्वच्छता से जुड़कर बच्चे स्वयं जागरूक हुए, अपने परिवारो एवं दुसरे लोगो को भी जागरूक कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान गुब्बारा उड़ाकर स्वच्छता का संदेश दिये गये। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता स्लोगन लिखकर सभी ने हस्ताक्षर किये एवं हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम संचालित हुआ। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पूर्व अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चौहान, स्वास्थ्य अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू, आयुक्त बजरंग दुबे, शकुंतला विद्यालय के डायरेक्टर संजय ओझा, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी,जोन आयुक्त सतीश यादव, येशा लहरे, अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, अभियंता अरविंद शर्मा, श्वेता महेश्वर जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा अंकित सक्सेना इत्यादि उपस्थित रहे। विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं स्पोर्ट्स ऑफिसर इत्यादि उपस्थित रहे अंत में विधायक रिकेश सेन ने स्वच्छता जागरूकता के लिए कन्या शाला वैशाली नगर में जाकर बच्चो के साथ मिलकर सफाई भी किये।

## मानव श्रृंखला बनाकर सफाई मित्रों ने दिया स्वच्छता ही सेवा का संदेश



**भिलाई-03।** नगर पालिक निगम-चरोदा स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य सफाई में जन सहयोग एवं जनभागीदारी को बढावा देना है। निगम में कार्यरत स्वच्छता दीदी और सफाई मित्रों द्वारा नगर भ्रमण रैली आयोजित की गयी। जिसमें शहर के विभिन्न वार्डो में गुजरते हुए रैली ने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। यहां उल्लेखनीय है कि रैली के पश्चात सभी सफाई कर्मियों द्वारा दर्शनीय मानव श्रृंखला बनाकर अपने नगर -शहर के साथ प्रदेश और देश में हर तरह से स्वच्छता रखने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा किसी को भी गंदगी नहीं फैलाने देंगे, इसका निश्चय किया गया। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में प्रयुक्त चलित चिकित्सा इकाई मेडिकल टीम ने सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया साथ ही शासन द्वारा चलायी जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विभाग प्रमुख कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता कर्मियों को दी गयी। कार्यक्रम में सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता मुकेश रात्रे, राशन कार्ड से सहायक ग्रेड-03 यशवंत ठाकुर, प्रधानमंत्री आवास से सी.एल.टी.सी. अंकित साहू, टिकेन्द्र शर्मा, मुकेश यादव, जनसंपर्क लिपिक विकास त्रिपाठी, पेंशन विभाग से रायटर नरसिंग सपहा, कृष्णा यादव, आयुष्मान कार्ड से कम्प्यूटर ऑपरेटर श्याम सुन्दर सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर पुरानिक साहू, एन.यू.एल.एम. से सामुदायिक संगठक श्रीमती कुंती वर्मा, सामुदायिक संगठक श्रीमती सुषमा पाण्डेय, कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, सफाई दरोगा कौशल तिवारी, सफाई मित्र अरूण कुंजाम, रवि वर्मा के साथ अन्य कर्मचारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

एक नजर

### एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**भिलाई, 2 अक्टूबर।** 37 छग बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी के निर्देशानुसार कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ हरीश कुमार कश्यप ने बताया कि एनसीसी कैडेट कक्षा- कक्षा जाकर स्वच्छता के लिए छात्र-छात्राओं को जागरुक कर रहे हैं । महाविद्यालय परिसर व सेक्टर 7 तालाब में भी स्वच्छता अभियान चलाया साथ ही ग्रामीण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले कैडेटों द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन व रीसाइकलिंग के संदर्भ में भी छात्र-छात्राओं को व्यापक जानकारी देते हुए उसके उपयोगिता को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

### मारपीट में 4 घायल, 1 गंभीर



**भिलाई,2 अक्टूबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र देर रात मोबाइल किस्त न भरने पर विवाद के चलते तलवार, कटर और कैंची चल गया। इस घटना में एक ही परिवार के 4 लोग घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में खुर्सीपार पुलिस ने पिता और दो पुत्रों को गिरफ्तार कर लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि घटना रात 12.30 बजे खुर्सीपार थाना क्षेत्र के शहीद वीर नारायण चौक पास की है खुर्सीपा टीआई अंबर सिंह ने बताया कि सेलून संचालक कुश ने अपने पास काम करने वाले पवन सेन को मोबाइल फाइनेंस कराकर दिया था और वह उसके पैसे नहीं दे रहा था। आधी रात को सेलून संचालक व दो अन्य पवन सेन के घर पहुंचा और उसे बाहर बुलाया और घर के बाहर बुलाकर तलवार, कटर व कैंची से हमला कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे भुनेश्वर सेन, सुर्या व सतीश सेन व अन्य साथी विक्की को भी चोटें आई है। इस घटना में सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घायलों को सुपेला शास्त्री अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से सतीश सेन को श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। खुर्सीपार पुलिस ने आरोपी धीरज सेन, कुश सेन व लव सेन को गिरफ्तार कर लिया है नहीं थम रहीं चाकूबाजी की घटनाएं दो दिन पहले कैंप 1 स्थित शास्त्री नगर में आधी रात को पुरानी रंजिश के कारण विवाद हुआ था। इस दौरान चाकू बाजी हुई और दो युवकों को चाकू लगा। चाकूबाजी में घायल दोनों युवकों को शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाया गया, यहां एक युवक को प्रारंभिक इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं दूसरे युवक को गंभीर हालत में बीएम शाह अस्पताल में भर्ती कराया गया फिलहाल इस मामले में छावनी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

### नशे के विरुद्ध किया जागरूक



**भिलाई,2 अक्टूबर।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र में एक युद्ध नशे के विरूद्ध संकल्प जागरूकता अभियान कोचिंग सेंटर में आयोजन किया गया यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि नशे के खिलाफ तीन तरह की कार्रवाइयों पर प्रकाश डाला पहला नशे के विरुद्ध समाज में जागरूकता फैलाना, दूसरा अवैध नशे के नेटवर्क पर प्रहार और तीसरा पुनर्वास के माध्यम से सुधार नशे के कारण मानव, परिवार और समाज पर पड़ने वाले कुप्रभाव पर भी विमर्श किया गया वहीं नेवई टीआई आनंद शुक्ला ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया और नशा नहीं करने के लिए शपथ भी दिलाई ।

### परिवहन एप का नया वर्जन लागू

**भिलाई, 2 अक्टूबर।** भिलाई एम परिवहन ऐप का नया वर्जन केरल, ओडिशा के साथ छत्तीसगढ़ के लिए दुर्ग जिले में भी लागू किया है। ट्रैफिक प्रहरी पोस्टर बनाकर दुर्ग पुलिस ने जारी किया है यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि इस एप्स के अंतर्गत अब कोई भी आम नागरिक ऐसे वाहन चालकों का जो बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालन, दो पहिया में तीन सवारी, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, आम सड़क एव नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क, वाहन में गलत तरीके से नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाने वालो का फोटो/वीडियो बनाकर एम परिवहन एप्स के सीटिजन सेन्ट्रेल (ट्रैफिक पहरी) बनकर रिपोर्ट कर सकते है।

### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने स्वामी करपात्री स्कूल में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया

**कवर्धा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत उप मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा ने स्वामी करपात्री जी स्कूल में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्वच्छता की शुरुआत उसी कक्षा से की जहां से उन्होंने स्वयं अपनी पढ़ाई की थी। इस पहल के माध्यम से उन्होंने न केवल स्वच्छता का महत्त्व बताया, बल्कि समाज को भी जागरूक किया। इसके बाद उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्कूल के मैदान में श्रमदान किया। उन्होंने मैदान की सफाई में भाग लिया और सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## पीएमजीएसवाय कार्यपालन अभियंता संतोष ठाकुर ने स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,2 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवम कलेक्टर के मार्गदर्शन में पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता एस के ठाकुर सहित आधिकारियो और कर्मचारी के द्वारा साफ सफाई कर एवम कचरा उठाकर डस्टबिन में कचरा डालकर सवछता की सेवा का संदेश दिया गया । सहायक अभियंता आर एन निकुंज , उप अभियंता अश्विनी ठाकुर , उप अभियंता सागर यादव , उप अभियंता भाग्यश्री गुप्ता , सतीश बांधेकर , प्रशांत सिंह , मनोज मानिकपुरी , शिवेश डूबे , गोलू निर्मलकर , देवदास मानिकपुरी , नंदू चौरिया , दुर्गेश निर्मालकर ने स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया । कार्यपालन अभियंता संतोष कुमार ठाकुर ने स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छता ही सेवा का संदेश देते हुए कहा की स्वच्छता के प्रति सभी को हमेशा जागरूक रहना चाहिए क्योंकि स्वच्छता होगी तो हम सभी स्वस्थ रहेंगे ।

## भाजपा नेता धनराज साहू जिला पंचायत स्तरीय समिति में सदस्य मनोनीत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 2 अक्टूबर।** दुर्ग जिला के प्रभारी मंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने प्रभार जिला दुर्ग में विभिन्न समितियों में भाजपा कार्यकर्ताओं व सदस्यों का मनोनयन किया है। जिसमे दुर्ग जिला पंचायत स्तरीय 7 सदस्यीय समिति में रानीतराई निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष दक्षिण पाटन व प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य धनराज साहू का मनोनयन किया गया है उनके मनोनयन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती रमशिला साहू, पूर्व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष पूर्व विधायक डा दयाराम साहू,भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू,राजेंद्र कुमार, जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक , निर्मल जैन, नरेश केला, पूर्णेंद्र सिन्हा, अशोक शर्मा,कमलेश साहू,महेंद्र साहू,प्रमोद जैन,दामोदर चक्रधारी, गंगादीन साहू ,दिनेश साहू ,शीतल देवांगन, समीर बंछोर,केशव बंछोर,मनीष चंद्राकार, रामाधार साहू , टेसराम साहू ,भगवान सिंह चंद्राकार ,रामकुमार चंद्राकार ,लुकेश्वर साहू वकील , डा गुलाब साहू, डा हिमाचल साहू परीक्षित साहू ,संजय यादव ,मुकेश देशमुख ,जुगन विश्वकर्मा , श्रीमति चंद्रिका साहू ,श्रीमति शेलेंद्री मंडावी,श्रीमति करुणाराज साहू ,श्रीमति गायत्री यादव , श्रीमति सुआंजना चक्रधारी ,श्रीमति शिवकुमारी साहू , तुला राम साहू ,तेजराम साहू ,उकेश साहू ,विजय साहू , कलीराम टंडन ,प्रमोद ठाकुर ,सहित अनेकों ने बधाई दी है।

## जेएलएन अस्पताल में वरिष्ठ नागरिक सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हेल्प डेस्क का शुभारंभ



**भिलाई, 2 अक्टूबर।** अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा बीएसपी के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों की सहायता हेतु हेल्पलाइन काउंटर/डेस्क का शुभारंभ सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरभ मुखर्जी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल की ओर से उपाध्यक्ष श्रीमती सोनम मिश्रा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

## संयुक्त बैठक में ट्रांसपोर्टेरों की समस्याओं के समाधान पर की गई चर्चा



**भिलाई, 2 अक्टूबर।** स्थानीय प्रशासन द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पुलिस विभाग से सीएसपी भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी, डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, टी आई भट्टी थाना एवं बीएसपी संयंत्र सीआईएसएफ अधिकारी, प्रबंधन से जीएम सेफ्टी श्रीनिवासन, जीएम आई आर (एच आर) जे एन ठाकुर, मार्केटिंग से परिदाजी, अशोक कुमार तथा भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टस एसोसिएशन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए । मीटिंग में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें मुख्य बिंदु जैसे बोरिया गेट मे पार्किंग की व्यवस्था, वी टी एस की कमी, सप्लाई की छोटी गाड़ियों के लिए अलग गेट की व्यवस्था तथा सभी गाड़ियों के आवाजाही के सुव्यवस्थित करने के सरल व सुगम करने के विषयों पर चर्चा हुई। सभी पक्षों द्वारा अपना पक्ष रखे जाने पश्चात बी एस पी मैनेजमेंट द्वारा पार्किंग के लिए स्थान की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए एसोसिएशन के सहयोग की अपेक्षा के साथ सर्व सम्मिलित मीटिंग का समापन किया गया । मीटिंग में सम्मिलित भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू , कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह लल्लू, संरक्षक महेंद्र सिंह ( पप्पी), संरक्षक महेंद्र सिंग बिल्ला, सदस्य- धनंजय सिंह, वाजिद अंसारी, सुनील यादव, पंकज शर्मा, दलजीत सिंह, जगजीत सिंग, धीरमन लूहा, संजय तिलांथे, कृष्णा लाल, कमल सिंह, सोमेश्वर नाथ, रिज्जू सिंह, सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## युवाकवि समीर चन्द्र साहू ने किया आकाशवाणी रायपुर में कवितापाठ

**उतई,2 अक्टूबर।** नगर निवासी प्रहलाद इकुसुमलता साहू के सुपुत्र व वरिष्ठ भाजपा नेता धनराज साहू रानीतराई के नाती युवाकवि समीर चन्द्र साहू लोरिकचन्द्र जो वर्तमान में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के लोकसंगीत के छात्र हैं दिनांक 30 सितम्बर को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर में 'युववाणी'के अन्तर्गत संचालित होने वाले कार्यक्रम ÷माटी के आंखर÷ में समीर ने अपनी स्वरचित कविता- डेहरी , माटी , देवहारिन , पेड़ , गाँव के सुरता , मया आदि कविता का पाठन किया जिसका प्रसारण 3 अक्टूबर संध्याकालीन 5 बजे प्रसारित होगा ।

## विधायक रिकेश ने महापुरुषों की प्रतिमाओं को साफ कर किया माल्यार्पण



भिलाई, 2 अक्टूबर। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मंगलवार सुबह से विभिन्न स्कूल और कॉलेज पहुंच कर स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में लोगों को भागीदारी के लिए एकजुट किया और स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। विधायक रिकेश ने कहा कि स्वच्छता परंपरागत रूप से हमारे स्वभाव और संस्कार में रही है। सेन ने पावर हाऊस स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, वैशाली नगर महाविद्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद और कैम्प-2 लिंक रोड जलेबी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को वाटर स्प्रिंकल से साफ कर उन पर माल्यार्पण किया। सेन शकुंतला विद्यालय रामनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर, शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर सहित अनेक स्थलों पर आयोजित स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे और वहां सफाई कर लोगों से इस अभियान में स्वत- जुड़ने का आह्वान किया।

## आयुक्त बजरंग दुबे ने किया प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों का निरीक्षण



**भिलाई, 2 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत शांति नगर क्षेत्र में रतना बिल्डर्स के ईडब्लूएस भूमि पर निर्मित 36 प्रधानमंत्री आवासों का आबंटन लाटरी पद्वति से 3 अक्टूबर को किया जाना है। आबंटित किये जाने वाले मकानों का निरीक्षण करने आयुक्त बजरंग दुबे, नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य अधिकारियों को लेकर मौके पर पहुंचे। स्थल पर 06 ऐसे मकान थे जिन्हें अन्य व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर रखा था। जिसे खाली कराने के निर्देश आयुक्त ने अधिकारियों को दिये हैं। अधिकारियों द्वारा कब्जाधारियों को 3 से 4 बार नोटिस भी जारी किया गया है। उसके बाद भी उनके द्वारा मकान खाली नहीं किया गया है। निगम प्रशासन, पुलिस बल एवं तोड़फोड़ दस्ता के साथ अवैध कब्जा को खाली कराने की कार्यवाही की जावेगी। मकान नीलामी की प्रक्रिया स्थावत होगी।

### खुर्सीपार रेलवे फाटक पर मरम्मत के लिये यातायात बंद रहेगा

**भिलाई, 2 अक्टूबर।** भिलाई एवं भिलाई नगर स्टेशन के मध्य समपार फाटक क्रमांक 440 (कि.मी.855/7 - 9) लाइन में 3 अक्टूबर को सुबह 08 बजे से 7 अक्टूबर को रात 22 बजे तक सड़क यातायात का आवागमन बंद रहेगा। आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा । समपार फाटक की मरम्मत करना रेल यातायात व यात्रियों की संरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक बताया गया है ।

## पीएचई विभाग के अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया



**कवर्धा,2 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर विभन्न विभागों में अधिकारियों और स्टाफ द्वारा साफ सफाई कर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया । इसी मद्देनजर सुबह सुबह 7 बजे पीएचई आफिस में कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया और एसडीओ नेताम सहित कर्मचारी झाड़ू लगाकर और कचड़ा उठाकर और डस्टबिन में कचड़ा डालकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया । कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने कहा की स्वच्छता होगी तो तन मन हमेशा स्वस्थ रहेगा और कबीरधाम जिले में बेहतर स्वच्छता दिख रही है ।

### स्वच्छता ही सेवा के लिए दिखा नगर में उत्साह





**कवर्धा,2 अक्टूबर।** कवर्धा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में कई छात्राये स्वच्छता ही सेवा की टोपी पहने हुए और कुछ छात्राओ के हाथो में तिरंगा और कई छात्राओ के हाथो में झाड़ू दिखे ।

## एक नजर

### जोरातराई में दो दिवसीय रामधुनी सम्मेलन का शुभारंभ



**भखारा 2 अक्टूबर।** ग्राम जोरातराई(अंवरी) में दो दिवसीय अखंड रामधुनी सम्मेलन का शुभारंभ ठाकुर देव चौक में हुआ जिसके मुख्य अतिथि हरबंस अग्रवाल,सरपंच खिलावन पाल,ग्राम पटेल महेंद्र साहू,सुदामा राम साहू,मानक लाल साहू,वीर सिंह निर्मलकर, टीकू साहू सिर्वे,मानसिंह साहू, टेमन सिंह साहू,बंसी साहू, प्रकाश साहू,कैलाश साहू,ओम प्रकाश साबला,धर्मेंद्र साहू,उमेश साहू,भोजराम साहू,जगमोहन साहू,थानु राम,तुलाराम नागरची, रामस्वरूप साहू,केजू राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे!

### आत्मसम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा 5 अक्टूबर को धमतरी आएगी

**भखारा 2 अक्टूबर।** बहुजन समाज पार्टी जिला धमतरी के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष रात्रे ने



प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश ईकाई के द्वारा आरक्षण वर्गीकरण,कीर्मीलेयर एवं बलौदा बाजार सहित वर्तमान सरकार में हो रहे अन्याय अत्याचार को लेकर आत्मसम्मान स्वाभिमान जगाओ यात्रा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में अलग-अलग जिलों से होते हुए 5 अक्टूबर को धमतरी में आगमन होगा जिससे धमतरी जिले के कार्यकर्ताओं में यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह है उक्त यात्रा की तैयारी पार्टी के तमाम बड़े छोटे कार्यकर्ता लगें हुए हैं जिसमें प्रमुख रूप से आर.पी संभाकर,प्रेमलाल कुर्रे,अशोक मेश्राम,ईश्वर नारंग, कल्याण सिंह निर्मलकर,ठाकुर प्रसाद गुप्ता,रुपेश बघेल,किसन चांद,एन.पी जोशी,लालचंद पटेल,देवप्रसाद बांधे,नंदकुमार बांधे,जितेंद्र पटेल,ममता टंडन, प्रदीप बघेल,पुसाऊ बघेल, विनोद बघेल,कामदेव बघेल, रामलाल रामटेके,बलदेव कोषरे,हनु ताड़ी तैयारी में जुटे हुए है!

### निर्विरोध सदर चुने गए रफीक खत्री



**डोंगरगांव 2 अक्टूबर।** डोंगरगांव मुस्लिम समाज द्वारा समाज का प्रतिनिधित्व करने हेतु समाज के विभिन्न गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहने वाले व मिलनसार स्वभाव का व्यक्तिव रखने वाले रफीक खत्री को निर्विरोध मुस्लिम समाज का सदर(अध्यक्ष)चुना गया है। सदर के चुनाव में रफीक खान के नाम का प्रस्ताव आने के पश्चात किसी भी शख्स ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत नही की। समाज के सभी वर्ग ने इस प्रस्ताव का स्वागत व समर्थन कर प्रस्ताव को फैसले में तब्दील कर दिए। रफीक खत्री के सदर चुने जाने पर समाज के प्रमुख जन डॉ.बशीर खान,जावेद खान, मो.अमीर निरबान,इकबाल तंवर,रियाजुद्दीन सोलंकी, एजाज हाशमी,रियाज हाशमी,इरफान कुरैशी,सद्दाम खत्री,महमदुल्लाह मास्टर,इकबाल हसन,नजीर तंवर,नफीस खान सहित समस्त मुस्लिम समाज ने बधाई प्रस्तुत की है।

### लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश



**डोंगरगढ़ 2 अक्टूबर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के सभागृह में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक डॉ.नेतराम नवरतन सर (सी.एम.एच.ओ.) , जिला राजनांदगांव डी.पी.एम.सर, जिला सलाहकार (सभी कार्यक्रम) अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई! ब्लॉक डोंगरगढ़ की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक 30 सितम्बर 2024 को ली गई जिसमें स्वास्थ विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों को निर्देश दिया गया है व कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही के कड़े निर्देश दिए गए है! वहीं स्वास्थ कार्यकर्ताओ को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में गर्भवती महिलाओ का प्रथम तिमाही में पंजियां करने की व 4 ए.एन.सी. चेकअप बढ़ाने के या संस्था प्रसव के निर्देश दिए गए हैं। होम डिलीवरी कम से कम हो सभी डिलीवरी संस्था में हो ये निर्देश दिए गए हैं! शिशु को 100त्न टीकाकरण करना सुनिश्चित करना है।मलेरिया से बचाव के लिए स्त्रोत कम करने की गतिविधि, या संदिग्ध मामले का अधिक से अधिक रक्त परीक्षण कर स्लाइड बनाना जाना है या जांच किया जाना है। गैर संचारी रोग में बी.पी. शुगर, मुंह का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग बढ़ाएं या 30+ की अधिक से अधिक नामांकन करें। टी.बी. कार्यक्रम में टी.बी. मुक्त पंचायत बनायें, निक्षय मित्र बनायें टी.बी. रोगी को गोद लेकर 6 महीने के लिए पोषण आहार देने हेतु जन प्रतिनिधि, व्यापारी, अधिकारी , से बात कर उन्हें निक्षय मित्र बनाने के लिए निर्देश दिया गया !स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने के लिए समीक्षा बैठक ली गई थी।मोतियाबिंद के मरीज़ को जल्द से जल्द ऑपरेशन करवाने हेतु निर्देश दिया गया है! चिरायु कार्यक्रम की स्थिती सुधारें जो अधिकारी कर्मचारी अपने कार्य करने में सक्षम नहीं है और अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं , उनके संस्थान की रिपोर्टिंग कम है उनको 01 महीने का समय दिया गया है अगर 01 महीने के अंदर अपनी रिपोर्टिंग, एंट्री, मैं सुधार नहीं लेंगे तो, कार्यवाही के निर्देश दिया गया है। ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक में ब्लॉक से बी.एम.ओ. बी.पी.एम. बी.ई.टी.ओ. चिकित्सा अधिकारी,आर.एम.ए. पर्यवेक्षक, नेत्र सहायक अधिकारी, सी.एच.ओ. आर.एच.ओ. ए.एन.एम. लैब तकनीशियन,फार्मासिस्ट, आर.बी.एस.के.और जे.एस.ए. उपस्थित रहे!

# 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया

### कलेक्टर ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने दिलायी शपथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 अक्टूबर।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम शहर में आयोजित किया जा रहा है, कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन में सभी वर्ग उत्साह से भाग ले रहे है और जहा एक ओर मंदिर, तालाब, उद्यान, चौक चौराहो में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई किया जा रहा है, वही रैली, नुक्कड नाटक, प्रदर्शनी के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता से जोडा जा रहा है।

अभियान के तहत आज म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में नगर निगम द्वारा स्वच्छता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें निगम सीमाक्षेत्र के शालाओं के 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता अपनाने जागरूक करने



का संकल्प लिया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सब स्वच्छता अपनाये और अपने परिवार व आस पास के लोगो को साफ सुथरा रखने, डस्टबिन का उपयोग करने गंदगी नहीं फैलाने समझास देवे, उन्होने इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता के लिये हर वर्ष 100 घण्टे श्रमदान करने,स्वच्छता ही सेवा जन आंदोलन के लिये पुरी निष्ठा के साथ समर्पित करने,अपने घरों का कचरा सड़क पर नही फेकने, अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने शपथ दिलायी। कार्यक्रम में उपस्थित महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने कहा कि आज विद्यार्थियों के इस विशाल समूह को देखकर, लग रहा है कि स्वच्छता अभियान सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस उत्साह से आज बच्चे यहा उपस्थित होकर मानव श्रृंखला बनाये उससे प्रदर्शित होता है कि गांधी जी का स्वच्छता अपनाने का सपना सकार होगा। चुंकि बच्चे देश के भविष्य है और उन्होने जब स्वच्छता का अलख जगाने बिड़ा उठाया है तो हमारा देश पूर्ण स्वच्छता की ओर अग्रसर होगा।स्वच्छता अभियान के इसी कडी में म्यूनिस्पल स्कूल मैदान में शाम को महापौर श्रीमती देशमुख सहित अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के अलावा पार्षदों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता का अलख जगाने दिये जलाये। आयुक्त श्री गुप्ता ने बड़ी संख्या में उपस्थित होने पर विद्यार्थियों सहित महापौर एवं जिलाधीश तथा उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

### धामनसरा में मनाई गई महात्मा गांधी जयंती



**राजनांदगांव 2 अक्टूबर।** समीपस्थल ग्राम पंचायत धामनसरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती मनाया गया योगेन्द्र दास वैष्णव ने कहा कि सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ देशवासियों को आजादी के लिए प्रेरित करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी जयंती मनाया जा रहा है तथा गांधी के सिध्दांतों और विचारों ने सम्पूर्ण विश्व को नई दिशा दिखाई गांधी आदर्शों को जीवन में अपना कर उनके सपनों के भारत के निर्माण में योगदान दे सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर उपसरपंच कृत लाल पटेल पूर्व उपसरपंच चुम्मन निषाद पंच कीर्ति पटेल तिलक निषाद गंगा पटेल बिसातिंन पटेल सावित्री निषाद सोहादा वर्मा नंदेश्वरी पटेल लता पटेल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

## नवरात्र को लेकर शांति समिति की बैठक में की गई विस्तार से चर्चा

■ पुराना अंडरब्रिज से आवागमन की माँग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 2 अक्टूबर।** क्वाँर नवरात्र पर्व को लेकर 29 सितम्बर 2024 को थाना डोंगरगढ़ में शांति समिति की बैठक आहूत की गई! बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ की आराध्य देवी माँ बम्लेश्वरी के शारदीय नवरात्रि पर्व पर प्रसिद्ध धर्मस्थल डोंगरगढ में मां के दर्शन का लाभ व आशीर्वाद लेने लाखों की संख्या में दर्शनार्थी पहुँचते है! साल में दो बार चैत्र व क्वांर नवरात्रि पर्व पूरी आस्था के साथ मनाया जाता है। वहीं इस क्वांर नवरात्रि पर्व में देश प्रदेश से देवी दर्शन के लिए लगभग 10 लाख भक्तो की आने की संभावना बनी हुई है! नवरात्र पर्व के दौरान जिला प्रशासन द्वारा दर्शनार्थीयों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए दूसरे जिले से भी फोर्स मंगा हजारों की तादाद में पुलिस जवान बल तैनात करके सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जायेगी। पर्व के दौरान



आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा व मेले में सुरक्षा व्यवस्था करने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन द्वारा स्थानीय पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक रखी गई, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने रोपवे के पास गाड़ी पार्किंग, सीढ़ियों पर दुकान का अतिक्रमण, निर्धारित पार्किंग टैक्स लेने,पार्किंग में पुलिस व स्वास्थ विभाग का संपर्क नंबर, पंचमी के दिन आदिवासी कार्यक्रम में सुरक्षा, नगर को जोड़ने वाले अंडर ब्रिज को फिर से खोलने और नवमीं वाले दिन मीना बाजार में विशेष पुलिस बल तैनात करने पर चर्चा की गई। बैठक में मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, आदिवासी समाज से नरोत्तम कुंजाम, मुस्लिम समाज से सलीम भाई, शहर मंडल भाजपा अध्यक्ष अमित जैन, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, नगर पालिका नेता अमित छाबड़ा, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान, हरीश भंडारी सहित पत्रकार व नागरिक गण उपस्थित थे।

### नगर निगम की सामान्य सभा के शेष विषय चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित

**राजनांदगांव 2 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की निगम सभागृह में शेष 7 विषयों पर आज 1 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से आहुत बैठक में 1 विषय प्रक्रिया पूर्ण करने वापस की गयी तथा शेष 6 विषय चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित किया गया। आज शेष 7 विषयो पर आयोजित बैठक में सभी विषयो में पार्षदों द्वारा क्रमानुसार चर्चाकर निर्णय लिया गया, जिसमें विषय क्रं. 5 में स्वर्ग रथ का शुल्क निर्धारण एवं विषय 6 जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने पर सदस्यों ने चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित किया। वही मिशन क्लीन सिटी परियोजना अंतर्गत उपभोक्ता शुल्क की वसूली संपत्तिकर, समेकितकर के साथ जोड कर वसूली किये जाने संबंधी विषय को प्रक्रिया पूर्ण करने वापस किया गया। शेष विषयों क्रमशः विषय क्रं. 8, 9,10 व 11 में, फ्लाई ओव्हर के नीचे रिक्त स्थल पर वाहन पार्किंग व्यवस्था नियम शर्तो एवं दर की स्वीकृति, लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति एवं अनुमोदन तथा रेल्वे स्टेशन पुराने सफाई कार्यालय के दुकानों की स्वीकृति के अलावा अंतिम विषय में हाट बाजार व्यवसायिक परिसर स्थित प्रथम तल की दुकान क्रं. 1 से 14 एवं दुकान क्रं. 16 से 20 तक की प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित की गयी। सभी विषयों में सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया, चर्चा उपरांत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया।

## समाचार संक्षेप

### अर्थ स्टाइल श्री इन्नोवेटिव कंपनी दुलदुल के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग



**सिमगा 2 अक्टूबर।** अर्थ स्टाइल श्री इन्नोवेटिव कंपनी दुलदुल के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग ग्राम पंचायत दुलदुल में स्थित अर्थ स्थल श्री इन्नोवेटिव कंपनी द्वारा बिना अनुमति के एक और यूनिट चल रहा है जिसके कारण कंपनी से निकलने वाले जहरीले प्रदूषण से किसानों के फसलों को बड़ी क्षति हो रही है तथा गांव के तालाब में गंदा परत जमा होने के कारण चर्म रोग की समस्या बढ़नी जा रही है गांव वालों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं पर्यावरण रक्षा संबंध कोई कार्य नहीं हो रहा है ग्रामीण विकास नियमों का किसी भी प्रकार से पालन नहीं किया जा रहा सामाजिक गतिविधियों में सहयोग नहीं देता कंपनी द्वारा चलाई जाने वाले भारी वाहनों के कारण मार्गजर्जर हो गया है जिससे राहगीरों को आने-जाने में बहुत ही परेशानी की सामना करना पड़ता है कुछ राजनीतिक व्यक्ति से मिलकर गांव वालों की अनदेखी किया जा रहा है जिसके चलते गांव वाले आक्रोशित हो गए हैं तथा धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर कर दिया है इस कार्य के लिए विभिन्न सामाजिक राजनीतिक संगठनों का सहयोग प्राप्त हो रहा है कार्य समिति जिला अध्यक्ष मनहरण साहू ने बताया कि 10 दिवस के अंतर्गत तत्काल कठोर एवं कड़ी कार्रवाई नहीं होने पर गांव वालों द्वारा कंपनी के मुख्य द्वार पर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा त्वरित कार्यवाही हेतु भागीरथी साहू ओम प्रकाश विश्वकर्मा डेढ़ राम बंजारे संतोष कुमार निषाद ईश्वर साहू अशोक यादव हेमू प्रसाद साहू हेमलाल कुर्रे खेमराज शर्मा जितेन यादव लोकनाथ साहू बीनू यादव जी वनलाल निषाद शिव प्रसाद साहू इंद्रमण साहू हेमलाल साहू लेख राम साहू किशन साहू प्रताप वह बड़ी संख्या में गांव वालों ने अनु विभाग के अधिकारी को कार्रवाई हेतु मांग पत्र सोपा।

### अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक में कई मुद्दो पर चर्चा



**राजनांदगांव 2 अक्टूबर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की त्रैमासिक बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉ. हरिंद्र त्रिपाठी द्वारा की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। डीजीआर संबंधित एमबीबीएस के सीट में पूर्व सैनिकों के बच्चों के आरक्षण के संबंध एवं संगठन विस्तार पर चर्चा की की गई। शासन द्वारा 4 एवं 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित आर्मी मेला के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में प्रदेश भर में चलाया जा रहे प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षण प्रभारी को सम्मानित किया गया। बैठक में बताया गया कि जिले में रानीसागर स्थित बोटिंग प्वाइंट में मार्च से जुलाई माह तक निःशुल्क तैराकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। बैठक में पूर्व सैनिक परिषद द्वारा 2024-25 की वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। यह देश का पहला ऐसा कैलेंडर है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी शहीदों की वीरता और जीवन गाथा को दर्शाया गया है। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, समाजसेवी श्रीमती यमुना साहू, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री खेमचंद निषाद, प्रदेश महासचिव श्री किशोरी लाल साहू, संरक्षक एवं संस्थापक श्री पवन निषाद संस्थापक सदस्य श्री प्रदीप चंद्राकर, प्रदेश सचिव योगेश साहू, प्रदेश संयोजक श्री रवि साहू, संरक्षक श्री भुवन लाल देशमुख, बस्तर संभाग प्रभारी श्री सुब्रत शाह, मीडिया प्रभारी श्री देवेंद्र डडसेना, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष सर्वश्री बसंत रावटे, गुमान साहू, उमेश गंगबेर, अंगेश्वर सिन्हा, पियूष साव, जीएस भाटिया , संतोष सिंह, कलीराम ठाकुर , युगल किशोर वर्मा, कन्हैया साहू , कृष्ण कुमार, अशोक झा, गणपत सिंह, जनक विश्वकर्मा, एटी राव, भोजेश्वर गंजीर, अमर साव, सीएल साहू , संजय साहू, रोहित साहू सहित सभी जिलों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### निगम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की

**रायपुर 2 अक्टूबर।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के तहत संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 सरोना टाटीबंध चैक के आगे रिंगरोड नंबर 1 फ्लाई ओव्हर के पास अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही नगर निगम जोन 8 और निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता द्वारा की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसीलदार श्री विनोद साहू, राजस्व निरीक्षक श्री संजय परमार, पटवारी करूणा पटेल, जोन 8 जोन कमिश्नर श्री ए.के. हालदार, कार्यपालन अभियंता श्री अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता श्री ईश्वरलाल टावरे, उपअभियंता सुश्री नलिनी साहू, सुश्री रूचिका मिश्रा, थाना प्रभारी , पुलिस बल की उपस्थिति रही ।

## आनंद वृद्धा आश्रम बछेराभांठा में वृद्धजन दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 2 अक्टूबर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष महोदया के निर्देशानुशार तालुका विधिक सेवा डोंगरगढ के ग्राम जीवन आनंद वृद्धा आश्रम बछेराभांठा में वृद्धजन दिवस मनाया गया।

इस शिविर में तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अनीश दुबे एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी भूपत सिंह साहू एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्ठ श्रेणी शैलेश कुमार वशिष्ठ मार्गदर्शन में मंगलवार को विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। वृद्धजन दिवस पर वृद्धजन को विधिक साक्षरता संबंधी शिक्षा प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि जो व्यक्ति स्वयं अपना भरण पोषण करने में असमर्थ हैं। माता-पिता का भरण -पोषण करना प्रचीन काल से ही पुत्रों का दायित्व माना गया है। भरण पोषण अधिनियम के तहत यदि माता-पिता अपनी आय अथवा अन्य संपत्ति से स्वयं अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हों तो वृद्ध अथवा असक्त माता पिता अपने पुत्र और पुत्री से भरण-पोषण प्राप्त करने के हकदार है। साथ ही विधिक सहायता एवं सलाह योजना एवं महिला सशक्तिकरण को परिभाषित करते हुए महिलाओं को सशक्त बनने के रास्ते सुझाए गए। वहीं अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन साक्षरता शिविर में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय एवं पवन कुमार उपस्थित रहे।



## नवरात्र पर्व को लेकर एसडीएम ने विभाग प्रमुखों को दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 2 अक्टूबर।** राजस्व अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम के द्वारा नवरात्रि के पूर्व सभी विभागों के कर्मचारी व अधिकारियों की मीटिंग ली गई व मेला पर्व को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है! मीटिंग में स्वास्थ्य संबंधी मामलों को प्रमुखता से रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को नवरात्र के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से जगह जगह स्टाल लगाकर ,आने जाने वाले दर्शनार्थियों की सेवा के लिए दवाइयां उपलब्ध कराने से लेकर पेयजल व्यवस्था सहित दर्शनार्थीयों के आराम की व्यवस्था के लिए पंडाल लगाकर व्यवस्था दुरुस्त रखने का आदेश दिया गया, साथ ही नवरात्र के दौरान फूड प्वाइजनिंग से संबंधित मामलों को रोकने के लिए टीम गठित कर शहर के सभी होटल और आसपास के ढाबो व बाहर से आकर गुपचुप समोसा चाट बेचने वालों के तेल व साफ सफाई को लेकर जांच करने का आदेश दिया गया जिससे नवरात्र के दौरान बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों एवं शहर के नागरिकों को फूड प्वाइजनिंग जैसी परेशानियों से बचाया जा सके।

### शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

## 32 बार रक्तदान करने के लिए प्रजेस सहारे को किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 2 अक्टूबर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करने वाली संस्थाओं के सम्मान समारोह का आयोजन मेडिकल कॉलेज के आडिटोरियम में किया गया। जिसमें धर्मनगरी के 32 बार के रक्तवीर व नागसेन बुद्ध विहार यूथ डोंगरगढ़ के सदस्य प्रजेश सहारे एवं जिले के विभिन्न सेवा भावी संस्था सम्मानित हुई। इस अवसर पर डॉक्टर कुजूर मैडम, डॉ. रिंकू सर, ब्लड बैंक प्रभारी चुमेश साहू, प्रो. एचएस भाटिया, समाजसेवी फनेद्र जैन, नागेश यदु , आदित्य आढ़तिया नवदृस्टि फाउंडेशन व अन्य सामाजिक संस्था के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

रक्तवीर प्रजेश सहारे वर्ष 2014 में एक दुर्घटना में घायल महिला की मृत्यु



रक्त की कमी के कारण हुई जिससे सिख लेते हुए 3 दोस्तो के साथ मिलाकर लगातार रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रयासरत हैं। वे अभी तक 32 बार रक्त दान कर चुके हैं। उनके माता-पिता,पत्नी व छोटा भाई दोस्तों का भी इस कार्य में सहयोग प्रदान करते हैं। उनके द्वारा कोरोना काल व अन्य समय पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग के माध्यम से लगातार गांव व शहरों में अभी तक कुल 2000 लोगों से ज्यादा शिविरों व अस्पताल में जाकर मदद की जा चुकी है। जिसमें नागसेन बुद्ध विहार यूथ डोंगरगढ़ व मुस्लिम यूथ संगठन, साहू समाज,सिख समाज के युवाओं व अन्य सामाजिक व छात्र युवा मंच का प्रमुख रूप से योगदान मिलता रहा है।

समाज में फैली रक्तदान के प्रति नकारात्मक सोच को बदलने के लिए रक्तदान को जनअभियान बनाने के लिए हर घर तिरंगा की तर्ज पर हर घर रक्तदाता की शुरुआत की गई जिसमें अपने व अपने पूर्वजों के जन्मदिवस मृत्यु दिवस, विवाह, शादी की सालगिरह के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें डोंगरगढ़ सहित अन्य ग्राम के सेवाभावी संस्थाओं का सहयोग मिला रहा है साथ ही लोगो द्वारा अब अपने विवाह व अन्य अवसरों के निमंत्रण कार्डो पर रक्तदान के लिए प्रेरित करने वाले संदेश लिखे जाने की शुरुआत की ताकि समाज को रक्तदान के लिए जागरूक किया जा सके। प्रजेश सहारे द्वारा लगातार शासन से मान्यता प्राप्त संस्थाओं में रक्तदान करने के लिए अपील की गई व ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट कर एक्सचेंज ब्लड लेने की अपील की ताकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी और की मदद की जा सके।

संपादकीय

# कर्नाटक सीएम की मुश्किलें और बढ़ीं

राजनीति में कहा जाता है कि सत्ता ईमानदार नेता को भी भ्रष्ट कर देती है। इसीलिए कोई भी ईमानदार नेता जब सत्ता में आता है तो वह शुरू में तो ईमानदार लगता है,दिखता है लेकिन कुछ साल बाद ही उस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगते हैं। यह खबरे सामने आने लगती हैं कि उसने अपने लिए, अपने परिवार के लिए,अपनी पार्टी के लिए भ्रष्टाचार किया है या भ्रष्टाचार होने दिया है। राजनीतिक दलों के नेताओं पर आए दिन भ्रष्टाचार के इतने आरोप लगते रहते हैं कि जनता मान लेती है कि नेता है और सत्ता में है तो कुछ तो भ्रष्टाचार वह करेगा है। उसके पहले वालों ने इतना भ्रष्टाचार किया है तो वह भी भ्रष्टाचार कैसे नही करेगा। जनता नेताओं के भ्रष्टाचार के इतनी गंभीरता से कभी नहीं लेती है कि उसे या उसकी पार्टी को चुनाव में हरा दे। यही वजह है कि भ्रष्टाचार करके भी नेताओं और दलों ने चुनाव जीते हैं और फिर से सत्ता मे आकर फिर से भ्रष्टाचार किया है। देश में कांग्रेस की सरकारें सबसे ज्यादा केंद्र व राज्यों में रही है, इसलिए उसके नेताओं पर सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इतने ज्यादा भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं तो जनता मान लेती है कि कांग्रेस सत्ता में जब भी आएगी और जहां भी आएगी उस राज्य में भ्रष्टाचार को होगा ही। अब कर्नाटक की सीएम सिध्दारमैया पर जमीन घोटाले का आरोप लगा है और मामला कोर्ट तक पहुंच गया है। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने अपनी पत्नी का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने पूरी कोशिश की कि यह मामला दब जाए, कोर्ट तक न जाए लेकिन मामला कोर्ट तक पहुंच गया है। पिछले हफ्ते बेंगलूरु की विशेष अदालत ने इस मामले में सिध्दारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस को जांच के आदेश दिए हैं। जिसके बाद प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। अब ईडी ने लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए सिध्दारमैया के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि यह कई हजार करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के आरोप लगने के साथ ही सिध्दारमैया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अब तक उन्हें खुद ही पद से इस्तीफा दे देना था लेकिन वह पद पर बने हुए हैं लेकिन कब तक पद पर बने रह सकेंगे यह कहना मुश्किल है क्योंकि जब उनको सीएम बनाया गया था तो इस बात की खूब चर्चा रही कि सिध्दारमैया व शिवकुमार को ढाई ढाई साल सीएम बनाने की बात हुई है इस हिसाब से तो सिध्दारमैया को ढाई साल से पहले ही पद से इस्तीफा देना पड़ सकता है। माना जाता है कि आलाकमान उनको पांच साल सीएम बनाए रखना चाहता था लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप के कारण अब आलाकमान भी नहीं चाहेगा कि सिध्दारमैया सीएम बने रहें। इस तरह देखा जाए तो सिध्दारमैया का सीएम पद पर पांच रहने का सपना अब शायद ही पूरा हो। क्योंकि शिवकुमार सहित उनके विरोधी तमाम नेता आलाकमान पर दवाब डालेंगे की सिध्दारमैया को पद से हटाकर शिवकुमार को सीएम बनाया जाए। सिध्दारमैया की पूरी कोशिश होगी कि वह सीएम पद पर बने रहे और यह साबित करने का प्रयास करे कि उनके खिलाफ जो मामला है, उसमें दम नही है। भाजपा इस मामले में ज्यादा आक्रामक न हो सके इसलिए इन्होंने इलेक्टोरल बांड के मामले में अपने लोगों के द्वारा विशेष अदालत में याचिका डलवाई गई और वित्त मंत्री सीतारमण सहित कई भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है। भाजपा की कार्रवाई के जवाब में यह कार्रवाई की गई है,ऐसा राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है। लेकिन इस मामले में वित्त मंत्री सीतारमण व अन्य नेताओं को कर्नाटक हाईकोर्ट से राहत मिल गई है, हाईकोर्ट ने चुनावी बांड योजना से जुड़ी अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी है।कर्नाटक में भाजपा व कांग्रेस के बीच भ्रष्टाचार का आरोप लगाने का दौर चल रहा है, दोनों एक दूसरे को इस मामले सवालों के कठघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। कौन सफल होता है,इसका पता तो आने वाले दिनों में चलेगा। तब तक आरोप प्रत्यारोप का दौर तो इसी तरह चलता रहेगा।

गांधी जयंती विशेष


आशीष सिंह

# अंग्रेजों के राष्ट्रीय दुर्गुण से बचना

**राजकुमार कॉलेज, रायपुर में भाषण 24 नवम्बर, 1933**

जब मुझे आपका निमन्त्रण मिला, तभी मेरे मन में यह विचार उत्पन्न हुआ कि यदि स्वागत-समिति मेरे लिए थोड़ा-सा समय निकाल सके, तो मैं यहाँ के उन छात्रों को उपदेश करूं, जिन्हें शिक्षा समाप्त कर चुकने बहुत बड़ी जिम्मेदारी और भार अपने ऊपर लेना पड़ेगा। मुझे इसकी खुशी है कि स्वागत-समिति ने इस समारोह के लिए घंटेभर का समय निकाला। महोदय आपने मुझे यहाँ निमन्त्रित किया और इस प्रकार उन युवकों से कुछ कहने का अवसर दिया जो आपके कृपापूर्ण संरक्षण में है। इसलिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे मेजबान शुक्लजी को आपने पहले ही यह संदेश भेजकर बहुत अच्छा किया कि मैं चाहूँ तो हिन्दुस्तानी में भाषण कर सकता हूँ, पर अंग्रेजी में भाषण करना अच्छा होगा। फिर मैंने जब आपको चिट्ठी लिखी, तब आपने जवाब दिया कि यहाँ के बहुत से छात्र हिन्दुस्तानी नहीं समझते। तब फौरन मैंने यह निश्चय किया कि अपने सामान्य नियम के विरुद्ध भी में अंग्रेजी में ही भाषण करूँगा। आपके प्रिंसिपॉल मुझे अपने भाषण के लिए अनजाने ही मसाले भी दे दिए। राजकुमारों, आप लोगों को याद रखना चाहिए कि उत्तरोत्तर ज्ञान-वृद्धि और संचार-सधनों के विकास के इस युग में आप स्वयं को अपने अपने अपेक्षाकृत बहुत ही छोटे राज्यों की सीमा में आबद्ध नहीं रख सकते। आपको अपना क्षेत्र व्यापक बनाना पड़ेगा और मुझे कोई सन्देह नहीं है कि परिस्थिति आपको ऐसी करने को बाध्य करेगी। तो फिर सिर्फ अपने प्रांत की भाषा जानने से ही आपका काम न चलेगा, आपको यह भाषा भी सीखनी पड़ेगी, जिसका व्यवहार इस देश में सबसे व्यापक रूप से होता है। शायद आप लोगों को यह मालूम न हो, मुझे पूरा विश्वास है कि आपमें से सबको यह मालूम नहीं है कि इस देश के 22 करोड़ स्त्री-पुरुष इतनी हिंदी या हिन्दुस्तानी भाषा का ज्ञान रखते हैं कि उस भाषा में उन्हें जो-कुछ कहा जाये उसे वे समझ सकें और अपना भाव भी उस भाषा में व्यक्त कर सकें, चाहे उनकी हिन्दी टूटी-फूटी ही क्यों न हो। जैसी जिम्मेदारी आप लोगों पर आने वाली है, वैसी जिम्मेदारी वाले किसी भी व्यक्ति का काम हिन्दी-जैसी व्यापक भाषा जाने बिना चलना संभव नहीं। हिन्दी भाषा के प्रति मेरे पागल प्रेम के पीछे भी ठोस कारण है। मैं अंग्रेजी भाषा का प्रेमी हूँ। किसी विदेशी के लिये जैसा संभव है वैसा अंग्रेजी मैं भी बोलना चाहूँगा और मैं अंग्रेजों के साथ होड़ करना चाहूँगा। वर्षों अंग्रेजों और अंग्रेजी बोलने वालों के साथ रहने से ही मैं थोड़ी-बहुत अंग्रेजी सीख सका हूँ। सैकड़ों अंग्रेज स्त्री-पुरुष मेरे घनिष्ठ मित्र हैं। अतएव जब मैं आपसे यह अनुरोध करता हूँ कि हिन्दी सीखना आपका कर्तव्य है, तब आपको यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि मुझे अंग्रेजी से कोई द्वेष है। मैं प्रिंसिपल महोदय और अन्य अध्यापकों से भी अनुरोध करता हूँ कि वे इस पर विचार करें कि देशी नरेशों के लिए हिन्दी जानना कितना जरूरी है, क्योंकि हिन्दी भाषा के द्वारा ही वे जन-साधारण के भारत को जान सकते हैं।

इसके साथ ही मैं अपने संदेश के मुख्य मुद्दे पर आता हूँ। जीवन के विविध क्षेत्रों में हमें अंग्रेजों का साथ होता है। अंग्रेज शासकों की नीति की आलोचना करने के कटु कर्तव्य का पालन मुझे बार-बार करना पड़ा है। मैंने कभी अपने भाव छिपाये नहीं हैं। हृदय के सच्चे उद्गार मैंने प्रकट किये हैं। पर मैं पहले ही कह चुका हूँ कि सैकड़ों अंग्रेज मेरे घनिष्ठ मित्र हैं। अंग्रेजों के जो-कुछ अत्यन्त अमूल्य गुण हैं उन्हें मैं कभी भूल



नहीं सकता। उनमें से एक गुण विशेष रूप से मैं आपको बताता हूं। इंग्लैंड में बड़े-बड़े लोगों के यहाँ जो घरेलु नौकर रहते हैं, उन्हें उनका परिवार वालों के समान ही सम्बन्ध होता है। जब मैं उनके घर गया तो मुझे यह देखकर बड़ा हर्ष हुआ कि उनमें और उनके नौकरों में स्नेह-बन्धन है। वहाँ अस्पृश्यता नहीं है। जो मैं कह रहा हूँ, वह इंग्लैंड के सैकड़ों बड़े आदमियों के बारे में बिलकुल सच है।

जहाँ-जहाँ मैं गया, वहाँ-वहाँ मुझे नौकर का परिचय कुछ हीन प्राणियों की तरह नहीं बल्कि परिवार वालों की ही तरह कराया गया। मैं चाहता हूँ कि आप भी अपने जीवन में अंग्रेजों के इस गुण को ग्रहण करें। दुर्भाग्यवश हम लोगों की यह धारणा है कि राजा राजा है और वह कभी साधारण लोगों के साथ हिलमिल नहीं सकता। इसी का यह दुखद परिणाम है, भले ही आज यह कितना ही आवश्यक क्यों न हो, कि आप राजकुमारों के लिए अलग स्कूल और कालेज बनाने पड़ते हैं। आप साधारण स्कूल-कालेज में पढ? जाने का साहस नहीं कर सकते। आपको शायद मालूम न हो कि सम्राट एडवर्ड और वर्तमान सम्राट-मैं गलत होऊँ तो कृपया सुधार दें-दोनों ने जल-सेना में मामूली नाविक का काम किया था और उस पद पर रहकर पिता-पुत्र दोनों ने एक नाविक के जैसी कठिनाइयाँ झेली थीं। क्या आप भी वैसा करेंगे? आपको तो बहुत सहेज-संभाल कर आराम में रखा जाता है और यह शिक्षा दी जाती है कि आपको ईश्वर ने दैवी गुणों से विभूषित किया है। आप विश्वास कीजिए कि आपमें और साधारण लोगों में कोई अन्तर नहीं। अन्तर केवल इतना ही है कि आपको जो मौका मिलता है वह उन्हें नहीं दिया जाता। पर आपको जो अवसर मिले हैं, उनका यदि आप सदुपयोग न करें, तो ईश्वर के यहाँ आप दोषी ठहरेंगे। आपको ध्यान रखना चाहिए कि शिक्षा का मुख्य अभिप्राय यही है कि आपमें जो गुण हैं उनका विकास हो। आप और मैं इस बात से निश्चित ही सन्तोष प्राप्त कर सकते हैं कि हम सब में अच्छा या बुरा बनने की क्षमता समान रूप से मौजूद है। इसलिए मुझे लगता है कि अगर आप भारत के गरीबों की पीड़ा समझना न सीखेंगे तो आपकी शिक्षा व्यर्थ है। इसके साथ स्वभावतः इस अस्पृश्यता के सवाल पर आ जाते हैं। अस्पृश्यता जैसी बुराई को धर्मशास्त्र-राम्मत कहने का जैसा दावा भारत के हिन्दू समाज द्वारा किया जाता है वैसा दुनिया में अन्यत्र कहीं नहीं किया जाता। पर यदि आप अभी तक मुझसे सहमत हैं तो मैं आशा करता हूँ कि आप उनको* भी साधारण मानव समाज का ही अभिन्न अंग समझेंगे। आपको उनके* साथ भी अपनी एकता का अनुभव करना है। सम्भव है कि आपके माता-पिता इस बात को अस्वीकार करें कि अस्पृश्यता कोई बुरी चीज है। ऐसे स्थिति में आपको प्रह्लाद जैसा सत्याग्रही बनना पड़ेगा। हिन्दू-धर्म में जब प्राणि-मात्र को एक मानने की शिक्षा दी गई है, तब मनुष्यों को जन्म से ऊँचा या नीचा मानना उसके अनुकूल हो ही नहीं सकता। संसार के सभी धर्मो को आज कसौटी पर कसा जा रहा है, विश्लेषणात्मक दृष्टि से भी और सांश्लेषिक दृष्टि से भी। यदि हिन्दू-समाज अछूतपन को पकड़े रहेगा, तो इसमें संदेह नहीं कि हिन्दू-धर्म और हिन्दुओं का लोप हो जायेगा। मैं हिन्दू-धर्म को इसलिए मानता हूँ कि उससे मुझे पूरी शान्ति मिलती है और मैंने पाया है कि आज जैसी अस्पृश्यता प्रचलित है, उसके लिए उसमें कोई स्थान नहीं है। मैंने यदि आपको अंग्रेजों के गुण ग्रहण करने के लिए कहा है, तो अंग्रेज मित्रों के प्रति आदर रखते हुये मैं उनके दोषों से बचने को कहता हूँ। अमर सन्त-कवि तुलसीदास ने अपने एक दोहे में हुत गहरा सत्य कहा है। वह कहते हैं कि हमें हंसों की तरह बनना चाहिये, जो कि अच्छी बातों को बुरी चीजों से अलग करके ग्रहण कर लेता है और बुराइयों को छोड़ देता है। इसलिए मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप अंग्रेजों के दो दुगुर्णों मे कभी न फंसें। एक है शराब पीना और दूसरा है घुड़दौड़ के रूप में जुआ खेलना। बहुतेरे अंग्रेज इन दोनों चीजों से घृणा करते हैं। मैंने देखा है कि ये दुर्व्यसनों की बदौलत कितने ही अंग्रेज परिवार बर्बाद हो गये हैं। बहुतेरे देशी नरेशों का भी इन दुगुर्णों के कारण सर्वनाश हुआ है। मैं आशा करता हूँ कि आप लोग इन दोनों दुगुर्णों से बचना सीखेंगे।

टीपः बापू के भाषणों के संपादित अंश। '*' चिन्ह वर्तमान में प्रतिबंधित शब्द हैं।

**छत्तीसगढ़ में गांधी जी/संपादन-संकलनः आशीष सिंह**

# ईमानदारी,निष्ठा और अनुशासन के अनन्य उपासक लालबहादुर शास्त्री

आज की भारतीय राजनीति में यह अविश्वसनीय ही लगेगा इस देश में एक ऐसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और देश के प्रति अपना सर्वस्व त्यागने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी जीत की पूर्ण संभावना के बाद भी यह कहा हो कि₹ यदि एक व्यक्ति भी मेरे विरोध में हुआ, तो उस स्थिति में प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहूंगा₹, भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही स्वाभिमानी महान राजनेता थे, जिन्होंने पद को नहीं बल्कि देश के हित को सर्वोपरि माना था। 27 मई 1964 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की मृत्यु के बाद देश को साहस और निर्भीकता से नेतृत्व देने वाले नेता की परम आवश्यकता थी। मोरारजी देसाई तथा जगजीवन राम जैसे नेता सामने आए थे, इस पद की गरिमा और प्रजातांत्रिक मूल्यों को देखते हुए शास्त्री जी ने चुनाव में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 2 जून 1964 को कांग्रेस के संसदीय दल ने एक मतेन और सर्वसम्मति से लाल बहादुर शास्त्री को अपना नेता स्वीकार किया और 9 जून 1964 को लाल बहादुर शास्त्री जी को देश का दूसरा प्रधानमंत्री मनोनीत किया गया। 1920 को अपनी पढ़ाई छोड़ कर गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए वे स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े, बाद में गांधी जी की प्रेरणा से ही उन्होंने काशी विद्या पीठ में प्रवेश लेकर 1925 में शास्त्री की उपाधि प्राप्त की, और अपने जन्म से चला आरहा जातिसूचक शब्द ₹श्रीवास्तव₹ हमेशा के लिए हटा लिया तथा अपने नाम के आगे शास्त्री लगा दिया था। इसके उपरांत अपने को देश की सेवा में न्योछावर कर दिया। अपना पूरा बचपन संघर्षों से गुजारने के बाद शास्त्री जी एक तपे हुए इमानदार राजनेता की तरह उभरे।

1930 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चलाए जा रहे नमक आंदोलन में हिस्सा लेकर वे जेल चले गए। उनका देश के प्रति समर्पण देखकर उन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। स्वतंत्रता आंदोलन मैं हिस्सा लेने के लिए देश के इस महान सपूत को बहुत यातनाएं भी झेलनी पड़ी और जीवन काल में कई बार जेल भी गए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया था। पद और प्रतिष्ठा, लोभ, लालच से सदैव दूर रहने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी स्वतंत्रता के बाद अनेक मंत्रालयों के मंत्री पद से शुभोषित भी किया गया, गोविंद वल्लभ पंत के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कालखंड में शास्त्री जी को पुलिस मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और इसी पद में रहते हुए उन्होंने भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ करवाया था। 1952 में जवाहरलाल नेहरु जी ने उन्हें केंद्रीय रेल मंत्री नियुक्त किया और 1956 में देश में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिक आधार पर अपना त्यागपत्र पेश कर एक मिसाल कायम की, जो आज पर्यंत तक अनुकरणीय है। नेहरू जी के कार्यकाल में वे परिवहन संचार वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भी संभालते रहे। 1961 में उन्हें पंत जी की मृत्यु के बाद गृह मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। सभी महत्वपूर्ण पदों पर ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ सभी पदों को सफलतापूर्वक निभाने के कारण शास्त्री जी को 1964 में देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया गया। शास्त्री जी कठिन से कठिन परिस्थितियों में सहजता, निर्भीकता, और संपूर्ण धैर्य के साथ सामना करने की अद्भुत क्षमता थी । प्रधानमंत्री के पद में रहते हुए भी सादगी ईमानदारी और निष्ठा की एक अनोखी मिसाल उन्होंने कायम की थी। 1965 में पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध करने का दुस्साहस दिखाया था तब लाल बहादुर शास्त्री ने ₹जय जवान जय किसान₹ का नारा देकर भारत के वीर जवानों को राष्ट्र की रक्षा के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित किया था, दूसरी तरफ किसानों को अन्न ज्यादा से ज्यादा पैदा करने के लिए ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान की थी। 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत को अभूतपूर्व विजय प्राप्त हुई थी। और देश में अन्न का भंडार भी परिपूर्ण हो गया था। अपनी ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा सूझ बुझ और निर्भीकता से लाल बहादुर शास्त्री ने कार्यकाल में देश में आई अनेक गंभीर समस्याओं का सरलता से समाधान भी किया। 1965 में भारत पाकिस्तान युद्ध में भारत की विजय के बाद ताशकंद समझौते के लिए लाल बहादुर शास्त्री ताशकंद गए।

पाकिस्तानी राष्ट्रपति के साथ 10 जनवरी 1966 को एक समझौते पर हस्ताक्षर भी किए, और उसी रात्रि को एक अतिथि गृह में शास्त्री जी की रहस्यमय तरीके से हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक मृत्यु हो गई और हमने देश का एक महान सपूत को हमेशा के लिए खो दिया था। उनकी अंत्येष्टि यमुना के किनारे शांतिवन में राजकीय सम्मान के साथ की गई और उस स्थल को विजय घाट का नामकरण किया गया। शास्त्री जी के निधन से जो देश को क्षति हुई उसकी तो पूर्ति नहीं की जा सकती किंतु देश उनकी सादगी देशभक्ति ईमानदारी निष्ठा को युगो युगो तक याद करता रहेगा। 1966 में उन्हें मृत्यु के उपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। आज भारत देश को ऐसे ही कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार और देशभक्त नेताओं की आवश्यकता है। लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि नमन है।

**संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,9009415415,**

( 2 अक्टूबर गांधी जन्म-दिवस पर विशेष)

संजीव ठाकुर

# यूं ही गांधी महात्मा नहीं हुए



भारत के महान सपूत गांधी ने पूरे विश्व में भारत में स्वतंत्रता आंदोलन के रूप में विश्व को अहिंसा का संदेश दिया और शायद कोई विश्वास करेगा कि अहिंसा से ही महात्मा गांधी ने भारत देश को परितंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराया और अंग्रेजों को भारत से रुखसत करने का दुष्कर कार्य किया। 2 अक्टूबर को गांधी जी के जन्मदिवस पर पूरे विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। महात्मा गांधी युगकालीन अहिंसक वैचारिक क्रांति के एक बड़े और सशक्त सूत्रधार थे। यह भारत का सौभाग्य ही है कि 2 अक्टूबर 1869 को पोरबंदर गुजरात में एक महान व्यक्तित्व ने जन्म लिया था। जिनका पूरा नाम मोहन दास करमचंद गांधी था। भावनगर के श्यामल दास कॉलेज में उनकी शिक्षा हुई तत्पश्चात उनके भाई लक्ष्मी दास ने उन्हें बैरिस्टर की शिक्षा प्राप्त करने के लिए इंग्लैंड भेज दिया था। इंग्लैंड जाने से पहले मात्र 13 वर्ष की आयु में उनका विवाह कस्तूरबा गांधी से हो गया था। 1891 में गांधीजी इंग्लैंड से वकालत पास कर मुंबई में वकालत प्रारंभ कर दी थी। गांधी जी के समाज क्रांतिकारी जीवन का शुभारंभ 1893 में तब हुआ जब एक मुकदमे के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका जाना पड़ा। वहां उन्होंने अंग्रेजों को भारतीयों एवं वहां के मूल निवासियों के साथ बुरा व्यवहार करते देखा था। वहां अंग्रेजों ने महात्मा गांधी को भी कई बार अपमानित किया था। गांधी जी ने अंग्रेजों के अपमान के विरुद्ध मोर्चा संभालते हुए उनके विरोध के लिए सत्याग्रह और अहिंसा का मार्ग चुना था। दक्षिण अफ्रीका के दौरान उन्होंने अध्यापक, चिकित्सक और कानूनी अधिकार की लड़ाई के लिए अधिवक्ता के रूप में जनता को जागरूक करने के लिए अपनी सेवाएं प्रदान की और महत्वपूर्ण काम किए। अपने जीवन काल में उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन कर समाज की सेवा की। उनकी एक महत्वपूर्ण पुस्तक ₹माय एक्सपेरिमेंट विथ ट्रुथ₹ विश्व प्रसिद्ध आत्मकथा बनी। दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी के कार्यों तथा सतत प्रयत्नों की ख्याति भारत में फैल चुकी थी। और जब वे भारत लौटे तो उनका गोपाल कृष्ण गोखले, लोकमान्य गंगाधर तिलक जैसे नेताओं ने भव्य स्वागत किया। भारत में आते ही गांधी जी ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य बिहार के चंपारण जिले के नीलहे किसानों को अंग्रेजों से मुक्ति दिलानें का किया, 1917 में गांधी जी के सत्याग्रह के फलस्वरूप ही चंपारण के किसानों का शोषण समाप्त हो पाया था। अहमदाबाद में आश्रम की स्थापना के साथ साथ अंग्रेज सरकार के विरुद्ध



उनका संघर्ष प्रारंभ हुआ और भारतीय राजनीति की बागडोर अब महात्मा गांधी के हाथों में आ चुकी थी। गांधीजी इस बात को अच्छे से समझ चुके थे कि सामरिक तौर पर अंग्रेजों से लड़ाई नहीं की जा सकती है, भारत को अंग्रेजों से मुक्ति लाठी बंदूक के बल पर नहीं प्राप्त हो सकती थी, इसीलिए उन्होंने सत्य और अहिंसा की शक्ति का सहारा लिया। स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। 1920 में उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ असहयोग आंदोलन प्रारंभ कर दिया था।

अंग्रेजों ने जब नमक पर कर लगाया तो गांधीजी ने 24 दिन की दांडी यात्रा आयोजित की 24 दिनों की यात्रा के पश्चात उन्होंने अपने हाथों से दांडी नामक स्थान पर नमक बनाया और सविनय अवज्ञा आंदोलन भी संचालित किया। इसी बीच गांधी इरविन समझौता के लिए गांधीजी इंग्लैंड भी गए पर अंग्रेजों की बदनियति के कारण यह समझौता मूर्त रूप नहीं ले सका, फल स्वरुप यह आंदोलन 1934 तक चलता रहा। 1942 में गांधी जी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन चलाया गया जिसमें करो या मरो का नारा देकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को एकजुट कर अंग्रेजो के खिलाफ मोर्चा खोला गया। गांधीजी तथा अन्य नेताओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अथक प्रयास से 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। 1920 से 1947 तक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में गांधीजी की भूमिका के कारण इस युग को गांधी युग भी कहा जाता है। स्वतंत्रता के बाद भी गांधीजी का विरोध हिंदू और मुसलमान कट्टरपंथी लोग लगातार करते रहे। और 30 जनवरी 1948 को जब वे प्रार्थना सभा जा रहे थे तब उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। सत्य तथा अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी का दुखद देहांत हो गया।

गांधी जी हमारे बीच नहीं है, पर उन्हें युगों तक याद किया जाता रहेगा।उनके द्वारा प्रतिपादित चार आधारभूत सिद्धांत सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भाव को आज भी पूरे विश्व में करोड़ों लोगों द्वारा अंगीकार किया जा रहा है। सत्यमेव जयते जैसे राष्ट्रीय वाक्य के प्रेरणा स्रोत गांधी जी ही थे। गांधी जी द्वारा अपनाई अहिंसा का सही मतलब मन,वाणी तथा कर्म से किसी को आहत ना करना, उनके यह महान विचार थे कि अहिंसा के बिना सत्य का अन्वेषण असंभव है। महात्मा गांधी एक वैचारिक क्रांति के युग थे। गांधी जी सर्वधर्म समभाव के एक बड़े प्रेरणा स्रोत भी रहे। वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा भी उनके द्वारा प्रतिपादित की गई थी। उनके मन में सभी धर्मों के प्रति प्रेम तथा आदर भाव समाहित था, और यही वजह है कि गांधी जी को महात्मा गांधी और राष्ट्रपिता कहा जाता है। गांधीजी की सरलता एवं सत्य अहिंसा के प्रति अनुराग के सामने अंग्रेज नतमस्तक होकर भारत को स्वतंत्र कर भारत छोड़ गए। अंग्रेज गांधी जी की सत्याग्रह तथा सहयोग से घबराकर भारत से दुम दबाकर भागे। गांधीजी की सादगी,सरलता एवं सादा जीवन, सत्य और अहिंसा हम सबके लिए आज सबसे ज्यादा अनुकरणीय है। महात्मा गांधी को हम सब भारत वासियों तथा सत्य और अहिंसा के पुजारियों की ओर से नमन श्रद्धांजलि एवं प्रणाम।

अशोक बजाज

# टीबी रोगियों की मदद के लिए एक लाख 71 हजार से अधिक निक्षय मित्र



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता, सफाई, रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से देश भर में सेवा कार्य में लोग तल्लीन है. सेवा पखवाड़ा में नगर, गांव, गली, मोहल्लों, मजरों, चौपालों समेत सार्वजनिक व धार्मिक स्थानों पर सेवा कार्य के साथ साथ प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र योजना को भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. इन दिनों काफी संख्या में लोग निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों की भौतिक रूप से मदद कर रहें हैं. हम यह जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा टीबी यानी तपेदिक के मरीज भारत में हैं. दुनिया भर में प्रति वर्ष एक करोड़ से ज्यादा लोग टीबी की चपेट में आते है इनमें से एक चौथाई से ज्यादा भारतीय है. अमूमन हर साल भारत में 26 लाख लोग इस बीमारी से पीड़ित होते हैं तथा लगभग 4 लाख लोग इस बीमारी से मरते हैं. टीबी के मरीजों के समक्ष उपचार के दौरान होने वाले खर्च के अलावा पौष्टिक आहार की भी आवश्यकता होती है. सबसे ज्यादा समस्या आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तिओं को होती है क्योंकि काम करने में सक्षम ना होने के कारण उन्हें दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती. ऐसे में उनके समक्ष उपचार और जीवन यापन एक चुनौती बन जाती है.

टीबी को लेकर विश्व के तमाम देश चिंतित है, इसीलिये सन 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है. इससे एक कदम आगे बढ़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक लक्ष्य से 5 साल पहले यानी 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है.

इस कठिन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सरकार के साथ साथ समाज की भागीदारी आवश्यक है. प्रधानमंत्री ने जन जन को इस अभियान से जोड़ने के लिए सन 2022 में ₹निक्षय मित्र योजना₹ की शुरूवात की है. ह्यनिक्षय मित्र योजना' के तहत कोई भी व्यक्ति, समूह या संस्थायें मरीजों को पोषण, उपचार व आजीविका में मददगार बनकर प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दे सकते हैं. यह पूर्णतः स्वेच्छिक योजना है, जिसके तहत व्यक्ति या संस्था द्वारा एक मरीज के लिए प्रतिमाह 500 रुपये का योगदान देना होता है. इस राशि से विभाग द्वारा मरीजों के उपचार के दौरान अस्पताल अथवा घर पहुंचा कर पोषण आहार की टोकरियाँ प्रदान की जाती है. कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था कम से कम 6 माह तथा अधिकतम 3 साल के लिए एक अथवा एक से अधिक मरीजों को सहयोग प्रदान कर सकते हैं. इसके लिए उन्हें स्वास्थ विभाग से पंजीयन कराना होता है, ऑनलाइन पंजीयन



की भी व्यवस्था है. योजना प्रारंभ होने के बाद विगत दो वर्षों के भीतर भारत में अब तक 1 लाख 71 हजार से अधिक निक्षय मित्रों का पंजीयन हो चुका है. इनके योगदान से 20 लाख से अधिक टीबी रोगियों को 20 लाख से अधिक पोषण आहार की टोकरियाँ प्रदान की जा रही है. जहाँ तक छत्तीसगढ़ का सवाल है यहाँ लगभग 9000 लोगों ने निक्षय मित्र के रूप में पंजीयन करा लिया है इनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छग के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल भी शामिल हैं. छत्तीसगढ़ में एक अनुमान के अनुसार वर्तमान में लगभग 23000 टीबी रोगी हैं उनमें से 13646 रोगियों को पोषण आहार का पैकेट प्रति माह प्रदान किया जा रहा है. इसके अलावा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन योजना के तहत सभी रोगियों को टीबी रोधी दवाओं के अलावा निःशुल्क उपचार की सुविधा भी प्रदान की जा रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश तथा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जयप्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन में यह योजना अब व्यापक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है. 'निक्षय मित्र योजना' का प्रतिफल यह हुआ कि जन स्वास्थ्य एवं जन सरोकार से जुड़े इस अभियान में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहें हैं. आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति, कारोबारी, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं अर्द्ध सरकारी संस्थाएं 'निक्षय मित्र' बनने के लिए आगे आ रहें है. टी.बी. उन्मूलन की दिशा में जन भागीदारी बढ़ने से इस योजना को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैं. इस योजना से केवल रोगियों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति ही नहीं होती बल्कि निक्षय मित्र और इलाज करा रहे व्यक्ति के बीच एक आत्मीय संबंध भी स्थापित होता है. समाज में परस्पर सहयोग और सहानुभूति की भावना को विकसित कर टीबी के कलंक को जड़ से खत्म करने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं. कुल मिलाकर सेवा पखवाड़ा में ₹प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियान₹ सार्थक सिद्ध हो रहा है.

टी.बी. हारेगा - देश जीतेगा

## एक नजर

### स्वच्छता ही सेवा के समापन पर कलेक्टर व अधिकारियों ने किया गार्डन में श्रमदान

**कांकेर, 2 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के जवाहर वार्ड स्थित ठाकुर विश्राम सिंह गार्डन के सामने तालाब किनारे विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, नगरपालिका के सीएमओ सहित समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी, पूर्व सैनिक एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने श्रमदान कर परिसर की साफ सफाई की।इस दौरान कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने तालाब परिसर के किनारे नारियल और पीपल के पौधे लगवाने के निर्देश सीएमओ को दिए। इसके अलावा, उन्होंने ठाकुर विश्राम सिंह गार्डन का निरीक्षण किया और वहां की सफाई व्यवस्था का मुआयना किया। कलेक्टर ने गार्डन में खराब पड़ी टॉय ट्रेन को जल्द से जल्द ठीक करवाने के भी निर्देश दिए। तदोपरांत कलेक्टर ने सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को और बढ़ावा मिल सके। एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम के तत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की अंतिम नियुक्ति सूची जारी

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों का विधायक ने शाल और श्रीफल देकर किया सम्मान

**दंतेवाड़ा, 2 अक्टूबर ।** वैसे तो वरिष्ठ जनों का सम्मान हर दिन, हर पल हमारे मन में होना चाहिए, लेकिन उनके प्रति मन में हुए इस सम्मान को व्यक्त करते के लिए एवं बुजुर्गों की देखभाल, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में और आम जनों को इस विषय में चिंतन की आवश्यकता के लिए विशेष तौर पर 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस में मनाया जाता है। इस कड़ी में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम, हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया था। इस आयोजित कार्यक्रम में सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं नगरीय निकाय से लगभग 500 वृद्धजन, वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा हमारा पहला कर्तव्य है। भारतीय परंपरा में बुजुर्ग माता-पिता का आशीर्वाद ही सर्वोपरि है। अतः मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। और हमने उन्हें सम्मानित उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील किया कि घर परिवार के शुभ अवसर पर अपने घर के वृद्धजनों के साथ कुछ समय अवश्य बताएं और उनके अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ लेवें।जिसमें 15 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल, 3 हितग्राहियों को सामान्य ट्राई साइकिल, 8 हितग्राहियों को व्हील चेयर तथा 31 वरिष्ठ नागरिकों को श्रवण यन्त्र एवं 50 नग छड़ी विधायक के द्वारा प्रदाय किया गया। इस मौके पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि, उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्री संतोष टोप्पो तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### 7 दिवस के भीतर कर सकते हैं सुधार के लिए दावा-आपत्ति

**दंतेवाड़ा, 2 अक्टूबर ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना गीदम से जारी विज्ञप्ति अनुसार विकासखंड गीदम अन्तर्गत ग्राम पनेड़ा लिंगापारा, मुण्डेर तराईपारा, मुण्डेर स्कूलपारा,, गीदम अटल आवास पारा, कारली पुलिस लाईन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। प्राप्त आवेदन का निर्धारित मापदण्ड अनुसार पैनल तैयार कर मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण भी किया जा चुका है।इस संबंध में पैनल सूची परियोजना कार्यालय गीदम एव जनपद पंचायत गीदम तथा संबंधित ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया जा रहा है। जिसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि होने संबंधी सुधार हेतु अभ्यार्थियों से दावा आपत्ति प्रकाशन दिनांक के 07 दिवस के भीतर आमंत्रित की जा रही है। ताकि वरीयता के आधार पर नियुक्ति कार्यवाही को अंतिम रूप दिया जा सके। समय सीमा के भीतर अभ्यावेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छता का संकल्प आज देश में पूरा होता दिख रहा है:रोहित साहू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 2 अक्टूबर।** स्वच्छता ही सेवा एवं सम्पूर्णता अभियान का जिला स्तरीय समापन आज मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू की उपस्थिति संपन्न में हुआ। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने आम नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाते हुए इस अभियान में अपनी शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम मे कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू सहित जिले के प्रमुख अधिकारी कर्मचारी और आम नागरिक मौजूद थे। राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने हर घर, गली मोहल्ले को स्वच्छ बनाने का सपना देखा है और देशवासियों से भी आव्हान किया है। इसके लिए वे स्वयं झाड़ू लेकर सड़क में उतरे और लोगों को प्रेरित किया। मोदी जी के इस देशव्यापी अभियान को लेकर लोगों को लगता था कि ये संकल्प कैसे पूरा होगा। लेकिन आज हम गर्व के साथ कह सकते है कि नरेंद्र मोदी ने देश में जो स्वच्छता की अलख जगाई जो प्रयास किया आज उनकी सोच और संकल्प पूरा होते दिख रहा है। घर-घर लोग स्वच्छता के लिए जागरूक हो रहे हैं और इसमें सहभागी भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हर घर स्वच्छ होगा, हर गली मोहल्ला स्वच्छ होगा तब यह देश भी स्वस्थ होगा। भाषण के दौरान उन्होंने अपने गांव सेमहरा का भी जिक्र किया। सरपंच कार्यकाल का अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब देश में हर घर शौचालय योजना की शुरुआत हुई थी तो हमने गांव में शौचालय बनाने के ग्रामीणों से संपर्क किया। तब लोग घर के आसपास जगह देने राजी नहीं होते थे। लेकिन जब सभी ने मिलकर कोशिश की विशेषकर महिलाएं सामने आई तो हर घर शौचालय बना और ग्राम सेमहरा जिले का पहला ओडीएफ ग्राम भी बना। महिलाओं ने स्वच्छता के लिए समय दान किया। खुले में शौच रोकने लिए जुर्माना भी लगाया। इन सब के चलते आज सेमहरा गाँव स्वच्छता को लेकर जिले और राज्य में अलग पहचान है। सर्वाधिक वृक्षारोपण के लिए भी यह गांव अग्रणी है। गांव में अनेक फलदार वृक्ष है। 18 राज्य के आईएएस आ चुके है। इस दौरान उन्होंने फिंगेश्वर ब्लॉक के ओडीएफ के चयन होने पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ रीता यादव को बधाई दी। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कहा की जिले में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक जिले के सभी नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें समाज के सभी वर्ग ने अपनी सहभागिता निभाई। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा स्वच्छता को अपने जीवन और स्वभाव में उतरे स्वच्छता कर्तव्य की तरह होना चाहिए। इसे दैनिक दिनचर्या में लाना होगा। उन्होंने कहा कि चाहे नगरीय क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र में केवल शासन प्रशासन के भरोसे स्वच्छता नहीं आ सकती। इसके लिए जन जागरुकता की आवश्यकता है। लोगों को स्वफूर्त ही अपने घर अपने आसपास अपने गली मोहल्ले में सफ़ाई रखनी होगी। खुले में कचड़ा फेकने से बचाव करना होगा। कलेक्टर ने कहा कि शासन ने दोनों क्षेत्रों के लिए घर घर कचड़ा कलेक्शन की योजना लाई है इसमें सहयोग करें। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्रेष्ठ भारत बनाने हेतु पूर्णता स्वच्छताः का अहवान किया है जिसे सभी को अपनाना होगा तब यह संकल्प पूरा होगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगर में 20 हजार लोग है, इसके अनुपात में कर्मचारी की संख्या काफी कम हैं। नगर को स्वच्छ रखने में सफाई कर्मियों को सहयोग दे। इस अवसर पर कार्यक्रम में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिले के विभिन्न स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत, ग्रामीणों की प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया इसके अलावा स्वच्छता सुरक्षा कीट का वितरण किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर ने शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री वितरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, महांतरी धनंजय नेताम, सभापति आसिफ मेमन, वंश गोपाल सिन्हा, पूर्व नपा अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू,सागर मय्यणी बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, अमित वखारिया, सहित जिले के सभी प्रमुख अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाढ़ से हुई क्षति के लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण: कलेक्टर

सुकमा, 2 अक्तूबर। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में राजस्व सहित शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर लंबित मामलों का शीघ्र ही समय-सीमा में निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान भूमि रिकॉर्ड, नामांतरण, बंटवारा और अन्य लंबित मामलों पर चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित समाधान करें और सुनिश्चित करें, आम जनता को विभागीय कार्यों में कोई परेशानी न हो। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व मामलों में पारदर्शिता और समयबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप सहित एसडीएम, तहसीलदार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

उचित मूल्य की दुकानों में राशन परिवहन करने वाले वाहनों में लगेगा जीपीएस- कलेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी पीडीएस दुकानों में राशन परिवहन करने वाले वाहनों में जीपीएस लगाए जाएंगे। यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने और राशन वितरण प्रक्रिया को अधिक सुचारू एवं निगरानी योग्य बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके साथ ही संबंधित पीडीएस दुकानों के लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उनके दूरभाष क्रमांक पंजीकृत किए जाएंगे, ताकि उन्हें समय-समय पर राशन की उपलब्धता और वितरण की सूचना सीधे प्राप्त हो सके। इस प्रक्रिया से वितरण में होने वाली किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर रोक लगाई जा सकेगी और जनता के बीच विश्वास और पारदर्शिता बनी रहेगी। कलेक्टर निर्देशित किया कि वाहनों में शीघ्र ही जीपीएस लगाया जाए ताकि राशन वितरण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।बस्तर ओलपिंक के सफल आयोजन हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश- जिले में युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने और खेलों के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से आगामी माह में बस्तर ओलपिंक का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आयोजन की सफलता हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस वृहद आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में सकारात्मक खेल वातावरण तैयार करने और युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर तैयारियों को पूरा करने और आयोजन को सफल बनाने के लिए निर्देश दिए।कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से जन शिकायतों को भी प्राथमिकता देकर समय पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षति के लिए मुआवजा दिलाने हेतु शीघ्र सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही शीघ्र निराकरण कर मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए।सफाई मित्रों का श्रम कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

### विधायक ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ का किया शुभारंभ

**दंतेवाड़ा, 2 अक्टूबर ।** आज स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिला कार्यालय से गायत्री मंदिर चौक तक जन जागरूकता मैराथन दौड़, का आयोजन हुआ। इस मैराथन दौड़ का शुभारंभ के अवसर पर स्थानीय विधायक चैतराम अटामी, द्वारा प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौड़ में जिला पंचायत सदस्य श्री रामू नेताम, नगरपालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सरपंच, ग्राम पंचायत चितालंका समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों एवं यूनिसेफ के साथ-साथ महेन्द्र कर्मा कॉलेज के राष्ट्रीय स्वयं सेवक के छात्र-छात्राओं, युवोदय वॉलेंटियर शामिल हुए, इसके साथ ही अंत में प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर किया वृद्धजनों को सम्मानित

**सुकमा, 2 अक्तूबर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना, उनके सम्मान और गरिमा को बनाए रखना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इस दिवस पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रम और आयोजन किए जाते हैं ताकि समाज में वृद्धजनों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाई जा सके। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शबरी आडिटोरियम भवन कुम्हाररास सुकमा में जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में वृद्धजनों को साल एवम् श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ जनों का श्रीफल एवं वॉकिंग स्टिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित उपस्थित सभी



वृद्धजन, नागरिकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण व छात्र छात्राओं ने नशा मुक्ति एवं स्वच्छता ही सेवा के तहत शपथ ली गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री धनीराम बारसे ने कहा कि वृद्धजनों का समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज, परिवार और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव और ज्ञान हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन हमें इस बात की याद दिलाता है कि वृद्धजन हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं और उनकी देखभाल और सम्मान हमारी जिम्मेदारी है। वृद्धजनों के प्रति समाज में सम्मान और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। यह आयोजन उन्हें यह एहसास दिलाने का एक प्रयास है कि वे समाज के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं और उनके अनुभव और ज्ञान आज भी हमारी धरोहर हैं। अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने मानव के जीवन में हर कदम में वृद्ध जनों की महत्व को बताया। समाज कल्याण विभाग डीडी श्री संजय पांडेण्य ने बताया कि शासन द्वारा वृद्धजनों के लिए विशेष योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें प्रमुख रूप से वृद्धावस्था पेंशन योजना, स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं शामिल हैं। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत वृद्धजनों को हर महीने एक निश्चित राशि दी जाती है, जिससे वे अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। उन्होने बताया कि योजनाओं के माध्यम से वृद्धजनों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाना और उन्हें आर्थिक, सामाजिक और मानसिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजनाएं वृद्धजनों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हैं और यह समाज में उनकी गरिमा को बनाए रखने का एक प्रयास है।

इस अवसर पर जनपद सुकमा उपाध्यक्ष श्री डमरू राम नाग, विश्वराज सिंह चौहान एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण सहित नगर पालिका परिषद सुकमा सीएमओ तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवम् वृद्धजन एवं छात्रगण शामिल हुए।

# राष्ट्रीय पोषण माह में स्वास्थ्य के लिए लोगों को किया जागरूक

**सुकमा, 2 अक्तूबर।** राष्ट्रीय पोषण माह, राष्ट्रीय वजन सप्ताह का समापन समारोह आज कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में स्वामी विवेकानन्द युवा शक्ति केन्द्र परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य जिले में पोषण के महत्व पर जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। आज के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे, श्री हुंगाराम मरकाम जनप्रतिनिधिगण ने पोषण व स्वस्थ, वजन बनाए रखने के लिए जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 'समाज में पोषण की कमी की चुनौतियों से निपटने के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण है।' यह आयोजन व्यापक स्तर पर किया जाये ताकि पोषण और स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा सके और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में सहयोग किया जा सके। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह और वजन सप्ताह का यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम था, जो देश के स्वास्थ्य और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

डीपीओ श्रीमती संजूला शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पोषण संबंधी कार्यक्रमों की सफलता के लिए जागरूकता फैलाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पोषण और वजन प्रबंधन से संबंधित



कई कार्यशालाओं और सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें पौष्टिक आहार, शारीरिक गतिविधि और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले में हजारों लोगों ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसके साथ ही पोषण माह में आंगनवाड़ी, स्कूलों, और पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के पोषण की देखभाल को प्राथमिकता दी गई। उन्होने बताया कि विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, और वृद्धजनों के लिए दीर्घकालिक पोषण योजनाओं पर काम किया जाएगा।

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत, कार्यक्रम में पोषण शपथ लिया गया। साथ ही कुपोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कुपोषण का पुतला दहन प्रतीकात्मक कर जो कुपोषण को समाप्त करने और स्वास्थ्यवर्धक भोजन अपनाने के संकल्प का प्रतिनिधित्व किया। जिसका उद्देश्य समाज में कुपोषण के खिलाफ संदेश फैलाना और पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना है।

#### प्रदर्शनी और जागरूकता अभियान

समापन समारोह के हिस्से के रूप में एक विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वस्थ भोजन के विकल्प, स्थानीय पारंपरिक आहार के महत्व, और भोजन में मिलेट्स पोषण तत्वों को कैसे शामिल किया जाए, इस पर जानकारी दी गई। इस प्रदर्शनी में लोगों ने बहुत उत्साह से भाग लिया और पौष्टिक आहार से जुड़े कई मिथकों को दूर किया गया। इसके अतिरिक्त, पोषण और स्वस्थ वजन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्म्स के माध्यम से व्यापक अभियान चलाया गया।

#### सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र का हुआ शुभारंभ

जिले में आज 250 से अधिक सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, और पौष्टिक भोजन जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ ही। केंद्र में न केवल बुनियादी सेवाएं प्रदान किया जाएगा बल्कि अतिरिक्त सुविधाएं और संसाधन भी उपलब्ध कराएगा ताकि समुदाय के लोग अधिक समर्थ और स्वस्थ बन सकें।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले, सीडीपीओ सुकमा श्री उत्तम साहु, आंगनवाड़ी सुपरवाईजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला एवम् बाल विकास विभाग के कर्मचारीगण, मितानित, नर्सिंग कॉलेज के छात्राएं एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर हुए सेवानिवृत एसपी समेत पुलिस परिवार ने दी विदाई



**सुकमा,1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा थाना कोंटा मे पदस्थ सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर हुए सेवानिवृत,सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे सुकमा एसपी किरण गंगाराम चव्हाण एएसपी निखिल अशोक कुमार रखेचा के मौजूदगी मे सुकमा पुलिस परिवार ने दी विदाई।सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर की भर्ती दिनांक 6-12-1984 मे बस्तर जगदलपुर मे हुई थी।अपने सेवाअवधि के दौरान बस्तर ज़िला मे इन्होंने 1984 से 1989 तक सेवाएँ दी उसके उपरांत दंतेवाड़ा ज़िला विभाजन क्षेत्रार्गत मे 1989 से 24-5-2012 तक सेवा दी इसके पश्चात ज़िला सुकमा विभाजन के बाद 24-7-12 से आज दिनांक 30-9-2024 तक थाना तोंगपाल,कुकानार,एर्राबोर,गादीरास,और कोंटा मे सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर ने सेवाएँ दी हैं।विदाई समारोह के दौरान एसपी किरण चव्हाण ने कहा आपने अपने जीवन के महत्वपूर्ण 40 साल इस विभाग की सेवा में लगा दिये,एसपी किरण चव्हाण ने कहा आप स्वस्थ रहें अपने परिवार के साथ अच्छा समय बितायें यही आशा करते हैं।इस दौरान एएसपी निखिल रखेचा,डीएसपी कृष्णकांत बाजपाई रक्षित निरीक्षक रवि उपाध्याय,बड़े बाबू निरीक्षक ऋ फाफड़े,उप निरीक्षक ध्रुव,उप निरीक्षक सुजाता लकड़ा कवासी,सहायक उप निरीक्षक निरमोद सोना,रिकेश बेर,अविनाश कुमार,भानुप्रकाश,पदमा कच,एवं सहायक उप निरीक्षक अजीत राम ठाकुर के परिवार के सदस्य एवं पुलिस स्टाफ़ मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत गोदेलगुढ़ा में जल रक्षा मिशन कार्यक्रम का आयोजन



**सुकमा,1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कोन्टा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोर्रापाड़ के आश्रित ग्राम गोदेलगुढ़ा में कैच द रैन अभियान के तहत जल रक्षा मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों और ग्रामवासियों ने पानी बचाने के संदेश के साथ एक जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के महत्व और पानी के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छता और पानी बचाने के संबंध में शपथ भी दिलाई गई। दीवारों में नारे लिखकर लोगों को जल संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान जल संरक्षण के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई और जल की अनमोलता को समझाते हुए पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में ग्रामवासियों की उत्साही भागीदारी से यह संदेश प्रसारित हुआ कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाना बेहद जरूरी है। इस दौरान जल संरक्षण की शपथ लिया गया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# हर घर जल उत्सव समारोह का आयोजन



**सुकमा,1 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में विगत दिवस को जल जीवन मिशन के अंतर्गत सुकमा जिले के विकासखंड कोटा के दूरस्थ एवम अंदरूनी क्षेत्र पंचायत मेहता के तहत ग्राम पुसगुड़ा में हर घर जल उत्सव समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत सरपंच श्री हिडमे कवासी, ग्राम पंचायत मुखिया एवं पटेल की उपस्थिति में ग्राम सभा प्रस्ताव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सौपा गया। कार्यक्रम में जल कर, सामुदायिक सहभागिता एवम् स्वामित्व भावना से योजना का संचालन के साथ खास तौर पर वर्षाकालीन वर्षा जल संरक्षण कर सदूषण मुक्त शुद्ध पानी पीने के लाभों के बारे में शिक्षित किया गया। इसी प्रकार जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड सुकमा के ग्राम गुफड़ी, पंचायत गुफड़ी में हर घर जल उत्सव समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत सचिव श्रीमान सोमा मरकाम ,अध्यापक, रोजगार सहायक वार्ड पंच ग्राम पंचायत मुखिया एवं पटेल की उपस्थिति में ग्राम सभा प्रस्ताव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सौपा गया।

### सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन ने ली समीक्षा बैठक

**सुकमा, 2 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत, श्रीमती नम्रता जैन की अध्यक्षता में विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जनपद पंचायत सुकमा व डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता सहित समस्त सीईओ जनपद पंचायत, समस्त एसडीओ आरईएस, पीओ मनरेगा, सब इंजिनियर आरईएस,समस्त एडीईओ विकास खण्ड समन्यवक, बीपीएम एनआरएलएम समस्त तकनीकी सहायक एवम समस्त ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य उपस्थित थे।सीईओ ने श्रीमती जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके आवासों की स्थिति की समीक्षा की गई और निर्देश दिए कि आवास निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर आवास उपलब्ध कराए जा सकें और योजनाओं का शत्-प्रतिशत लाभ हेतु कार्योंजना तैयार कर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। सीईओ ने मनरेगा के तहत पीडीएस भवन और आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए इन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाए।स्वच्छ भारत मिशन समीक्षा कर शौचालय निर्माण और स्वच्छता से संबंधित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई।

एक नजर

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक उपाय करें:कलेक्टर

**बीजापुर,2 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक इन्द्रावती सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना जन्य क्षेत्रों में संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर, रेडियम, सीट ब्लेट, हेलमेट, आवारा पशुओ को सड़क से हटाने यातायात नियमों का पालन करने जनजागरुकता सहित सभी उपाय करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए।लोक निर्माण विभाग, राजस्व, यातायात , पुलिस विभाग, नगरीय निकाय सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सड़क दुर्घटनाओं में रोक लगाने आवश्यक पहले करने को कहा। पुलिस अधीक्षक डा.जितेन्द्र यादव ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने स्कूल कॉलेजो में जनजागरुकता अभियान चलाकर लोगो को यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाने की बात कही। बैठक में पुलिस, राजस्व ,लोकनिर्माण विभाग, नगरीय निकाय, यातायात विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## दमपाया के ग्रामीणों को नल से मिल रहा है पीने का पानी



**बीजापुर,2 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूरी पर ग्राम दमपाया है भोपालपटनम विकासखंड से 16 किलीमीटर दाहिने ओर यह ग्राम स्थित है। दमपाया में 158 परिवार निवासरत् है और यहां कि जनसंख्या 604 यहाँ के ग्रामीणों को 34 हैण्डपंपों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति होती रही है। इस ग्राम में मुख्य रुप से गोंड, मुरिया और मरार समाज के लोग निवासरत् हैं, इनकी आय का मुख्य स्त्रोत कृषि रहा है जिन पर ये निर्भर रहते है। ग्राम निवासी श्रीनिवास बताते है कि पहले हमें पीने के लिए पानी की जरुरत हमें सरकारी कुआँ से होती है, यहीं से हमें पानी की पूर्ति होती रही है। अब हमको हमारे गांव में जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से घर पर ही पानी मिल रहा है। काका बबीता बताती है कि पहले हम पड़ोस के घर के कुआँ से पानी लाया करते थे, अब हमारे घर में सरकार द्वारा लगाये नल से पानी प्राप्त हो रहा है, मुझे इस योजना से खुशी मिली है। जल जीवन मिशन की उपलब्धियाँ - विकासखंड भोपालपटनम के समीप मददेड़ से लगभग 7 किमी की दूरी पर दमपाया ग्राम बसा हुआ है, इस ग्राम में 4 जी.आई. स्टील स्ट्रक्चर के माध्यम से ग्राम के 158 परिवारों को शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। ग्राम दमपाया को ग्राम सभा के माध्यम से लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी के उप अभियंता एवं विभागीय कर्मचारी द्वारा 24 सितम्बर 2024 को हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया है। हर घर प्रमाणीकरण के द्वारा प्रेमकुमार एवं ग्राम के सरपंच निमैया पारेट, कमला पारेट के साथ वडडे राजा राम, बोदी तुलसी राम, कोड़ियम कुडेम सदानंद , लंबाड़ी सकुन्तला, वाचम मंजू एवं समस्त ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में कलेक्ट्रेट परिसर की सफाई की गई

**महासमुंद 2 अक्टूबर ।** स्वच्छ भारत मिशन के 10वें वर्षगांठ के अवसर पर जिले में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक ÷स्वच्छता ही सेवा 2024÷ अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान की शुरूआत 17 सितंबर को स्थानीय संजय कानन उद्यान में वृहद सफाई अभियान चलाकर किया गया। आज राष्ट्रपिता गाँधी जयंती के अवसर पर और स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन कलेक्टर श्री विनय लंगेह, जिला पंचायत सी ई ओ श्री एस आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि साहू सहित जिला अधिकारी और कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर मे साफ सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का सन्देश दिया। इसके पूर्व महात्मा गाँधी जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई।

# विधायक योगेश्वर सिन्हा ने किया स्वतंत्रता सेनानी परिवार का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुन्द, 2 अक्टूबर।** 1 अक्टूबर को महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा जी ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व अद्वैत गिरी गोस्वामी जी की जयंती और पुण्यतिथि के दिन उनके निवास स्थान पर जाकर सेनानी परिवार का सम्मान किया । स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अद्वैत गिरी जी का जन्म अविभाजित मध्यप्रदेश में 1 अक्टूबर 1901 को हुआ और उनकी पुण्यतिथि भी संयोगवश 1 अक्टूबर क ही सन 1972 रही । महासमुंद में गिरी निवास पहुँचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अद्वैत गिरी जी के योगदान का पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि गिरी जी का जीवन संघर्षों के साये में देश की आजादी और सामाजिक समानता के लिए कार्य करते हुए बिता है । योगेश्वर सिन्हा ने सेनानी गिरी जी के जीवन काल की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि ,अंग्रेजी शासनकाल मे भारत छोड़ो आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका रही थी ,साथ ही वर्तमान महासमुन्द जिले के तमोरा गांव में 1930 में हुए जंगल सत्याग्रह में वो अग्रणी नेतृत्वकर्ता की भूमिका में शामिल रहे । उस वक्त मध्यप्रदेश में रहे ओडिसा के खरियार रोड,नुआपाड़ा जिले में गांडा जाती को सामाजिक समानता का अधिकार दिलाने के साथ उन्हें सवर्ण करने में उनका उल्लेखनीय योगदान था । सहकारिता के क्षेत्र मे सेनानी अद्वैत गिरी जी अपने पूरे जीवनकाल में कार्य करते रहे । सेनानी परिवार के साथ हुए मुलाकात में विधायक योगेश्वर सिन्हा ने स्मरण करते हुए बताया सेनानी गिरी जी के छोटे भाई अरिमर्दन गिरी भी तमोरा सत्याग्रह में शामिल होने के साथ अविभाजित मध्यप्रदेश में स्वतंत्रता पश्चात मनोनीत विधायक भी थे 7 गिरी परिवार ने उपस्थित जनो को जानकारी देते हुए बताया कि उनके पौत्र सुभाष गिर गोस्वामी ने भी सामाजिक सेवा के साथ मरणोपरांत देहदान करने की घोषणा किया है 7 महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ने गिरी निवास में उपस्थित सभी सेनानी परिवार के योगदान को स्मरण और नमन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अद्वैत गिरी गोस्वामी जी की स्मृति में भवन निर्माण कराने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान किया सेनानी परिवार के सम्मान के अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ,सदस्यता प्रभारी संदीप दीवान, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष श्याम साकरकर,पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, नारायण नामदेव,मनीष सरवैय्या, सुभाष गिरी,आंनद गिरी ,राजू चन्द्राकर, सच्चिदानन्द चंद्राकर, चित्रसेन गिरी,कुबेर प्रकाश गिरी,मनोज गिरी ,रोहित गिरी,संजय गिरी, अनिकेत गिरी,आरव गिरी,गोपाल वर्मा,अभिषेक पांडे,आकाश पांडे, अमित साहू, गोविंद ठाकुर,घनाराम साहु ,रमेश पटवा सहित गिरी परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के बचेली वन क्षेत्र में प्राचीन वनस्पतियों का जीवंत संग्रह

**बीजापुर, 2 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ वन विभाग ने हाल ही में पारिस्थितिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण वन क्षेत्र की पहचान की हैए जो दंतेवाड़ा वन मंडल के बचेली वन परिक्षेत्र में स्थित है और बीजापुर के गंगालूर वन परिक्षेत्र तक फैला हुआ है। इस विशेष वन क्षेत्र में कई प्राचीन वनस्पतियों की प्रजातियां पाई गयीं हैए जो छत्तीसगढ़ राज्य की असाधारण जैव विविधता को प्रदर्शित करता है। इस क्षेत्र को वैज्ञानिकों और वन अधिकारियों ने जैव विविधता के लिए अत्यधिक समृद्ध और महत्वपूर्ण माना है। विशेषज्ञों के अनुसारए यह खोज न केवल इस क्षेत्र के पर्यावरणीय महत्व को दर्शाती हैए बल्कि भविष्य में वन अनुसंधान और संरक्षण के प्रयासों को भी नई दिशा देगी।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस क्षेत्र की जैव विविधता को संरक्षित करने और वन अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से राज्य को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी। सरकार इस क्षेत्र में शोध और अध्ययन के लिए विशेष प्रोत्साहन देगीए ताकि इन दुर्लभ प्रजातियों को संरक्षित रखा जा सके। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसारए यह दुर्लभ वन क्षेत्र विशेष रूप से उन पौधों की प्रजातियों



का घर हैए जो करोड़ों साल पहले के समय में अस्तित्व में थीं। अब यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक अध्ययन के लिए बल्कि पर्यटन के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है।समुद्र तल से 1ए240 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित यह वन क्षेत्र सबट्रॉपिकल ब्रॉड.लीव्ड हिल फॉरेस्ट ;फॉरेस्ट टाइप 8द्ध के रूप में वर्गीकृत किया गया है। खास बात ये है की यह छत्तीसगढ़ का सबसे ऊंचाई वाला वन क्षेत्र हो सकता है। जबकि राज्य में मुख्य रूप से मॉइस्ट एंड ड्राय डेसिड्युअस फॉरेस्ट्स ;फॉरेस्ट टाइप 3 एंड 5द्ध के लिए जाना जाता हैए यह विशेष वन पैच ब्रॉड.लीव्ड हिल फॉरेस्ट एक नया पारिस्थितिक आाम प्रस्तुत करता है। यहां की वनस्पति पश्चिमी घाट की वनस्पतियों से काफी हद तक मेल खाती है। कांगेर घाटी के जंगलों की तरहए यह क्षेत्र भी विभिन्न प्रकार की प्रजातियों से समृद्ध है। इसके अलावाए मानवजनित दबाव की कमी होने कारण इन प्रजातियों को बिना किसी बाधा के पनपने में मदद मिली है। इस क्षेत्र को एक ष्जीवित संग्रहालयष् माना जा रहा हैए क्योंकि यहां कई प्राचीन पौधों की प्रजातियां संरक्षित हैंए जो संभवतः प्रागैतिहासिक कालए यहां तक कि डायनासोर युग से संबंधित हो सकती हैं। यहां पाई गई कुछ वनस्पतियों की प्रजातियों को छत्तीसगढ़ में पहली बार दर्ज किया गया माना जा रहा है।इस विशेष वन का तीन दिवसीय सर्वे अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ;विकास एवं योजनाद्ध श्री अरुण कुमार पांडेए आईएफएस के नेतृत्व में किया गया। इस सर्वे दल में पर्यावरणविदों और वन अधिकारियों के साथ.साथ आईएफएस परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री एसण् नवीन कुमार और श्री वेंकटेशा एमजी भी शामिल थे। इसके अलावा वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के उप निदेशक डॉण् राजेंद्र प्रसाद मिश्रा और पंण् रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालयए रायपुर के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के पूर्व विभागाध्यक्ष श्री एमण्एलण् नायक भी सर्वे टीम का हिस्सा थे।सर्वे के दौरानए टीम ने दुर्लभ और प्राचीन वनस्पतियों की कई प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया हैए जिनमें ऐल्सोफिला स्पिनुलोसा ;ट्री फर्नद्धए ग्नेटम स्कैंडन्सए ज़िज़िफस रूगोससए एंटाडा रहीडीए विभिन्न रुबस प्रजातियाँए कैंथियम डाइकोकूमए ओक्ना ऑब्टुसाटाए विटेक्स ल्यूकोजाइलनए डिलेनिया पेंटागाइनाए माचरेन्जा साइनेंसिसए और फिकस कॉर्डिफोलिया शामिल हैं। इनमें से माचरेन्जा साइनेंसिस प्रजाति संभवतः छत्तीसगढ़ के केवल इसी वनीय पहाड़ी क्षेत्र में पाई गई है।प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्हीण् श्रीनिवास रावए आईएफएस ने इस विशेष वन क्षेत्र के बारे में कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ वन विभाग राज्य की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत रहा है। बचेली का ये बेहद विशेष वन क्षेत्र राज्य वन विभाग की जैव विविधता के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

बचेली का ये विशेष वन भविष्य के अनुसंधान एवं इको.टूरिज्म के विकास के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं प्रस्तुत करता है। वन विभाग इस क्षेत्र की छिपी हुई जैव विविधता को और गहराई से समझने के लिए अधिक विस्तृत सर्वेक्षण करने की योजना बना रहा है।

# अधिमान्यता की शर्त समाप्त करने पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 2 सितंबर ।** सीएम विष्णुदेव साय के नाम छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा सोमवार को गरियाबंद के संयुक्त कलेक्टर अरविंद पांडे को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन पत्रकारों की सुरक्षा एवं हितों को लेकर था। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा,महासचिव रमेश चौधरी,जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर गोस्वामी ने सौपे गए ज्ञापन में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य अब अपनी युवावस्था का 25 वर्ष पूरा करने जा रही है। वहीं यह राज्य संसाधनों एवं सुविधाओं से परिपूर्ण है जिससे समाज का हर वर्ग विकास की राह में अग्रसर हो रहा है किन्तु समाज को दिशा देकर प्रजातंत्र में अपनी महती भूमिका निभाने वाला श्रमजीवी पत्रकार अपने आपको इससे वंचित पाता है। ज्ञापन में मांग किया गया है कि पत्रकार कल्याण कोष की राशि बढ़ाकर पांच लाख रूपए किया जाए,सम्मान निधि योजना में अधिमान्यता की शर्त समाप्त हो ताकि ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को भी लाभ मिले, सम्मान निधि की राशि 15 हजार की जाए , पत्रकारो के सुरक्षा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने एक समिति गठित की थी उसका पुनर्गठन हो, उस समिति को अधिकार दिया गया था कि कोई भी पत्रकारों के विरुद्ध अपराध दर्ज होने पर बिना उच्चस्तरीय जांच के चालान पेश नही किया जा सकता। साप्ताहिक, मासिक समाचार पत्र के संपादक को भी अधिमान्यता दी जाए, प्रदेश में पत्रकारों के लिए टोल टैक्स फ्री हो, प्रदेश के विश्राम गृह में पत्रकारों के लिए आरक्षण की सुविधा हो,शहर की तरह ग्रामीण पत्रकारों को भी वर्ष में दो बार भ्रमण करवाया जाए,वेज बोर्ड के नियमों के अनुसार प्रदेश के पत्रकारों व ग्रामीण संवाददाताओं को मानदेय दी जाए,शासकीय विज्ञापनों में प्रदेश के अखबार ,स्थानीय चैनल को प्राथमिकता दी जाए, रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालय ,कस्बों में पत्रकारों को न्यूनतम दर पर जमीन दी जाए। इस आशय का ज्ञापन देकर सीएम विष्णुदेव साय से आग्रह करते हुए छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सभी मांगो को पूरा करने कहा है।

# थाना नेलसनार एवं मिरतुर ने 7 माओवादिओं को किया गिरफ्तार



**बीजापुर,2 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में



चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 29-9-ध्2024 को थाना नेलसनार से जिला बल की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। एरिया डॉमिनेशन के दौरान बांगापाल डोंगरीपारा के जंगल से पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास करते हुए 05 संदिग्ध को पकड़ा गयाए जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम सन्नू उरसा ;क।ज्ञडै सदस्यद्ध पिता स्व0 बुधराम उरसा उम्र 38 वर्ष निवासी पोमला थाना मिरतुर जिला बीजापुर मुन्ना उरसा ;ब्छड सदस्यद्ध पिता स्व0 मंगू उरसा उम्र 38 वर्ष निवासी पोमरा थाना मिरतुर जिला बीजापुर सोमलू उरसा ;सप्लाई टीम सदस्य मेडिकल यूनिटद्ध पिता स्व0 सन्नू उरसा उम्र 33 वर्ष निवासी पोमरा थाना मिरतुर जिला बीजापुर कमलू मड़काम ;मिलिशिया सदस्यद्ध पिता स्व0 बुधराम मड़काम उम्र 28 वर्ष निवासी पोमरा थाना मिरतुर जिला बीजापुर विजय कुंजाम ;मिलिशिया सदस्यद्ध पिता सन्नू कुंजाम उम्र 19 वर्ष निवासी पोमरा थाना मिरतुर जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से विद्युत वायरएपेंसिल सेलएभारी मात्रा में दवाईयाए माओवादी प्रचार प्रसार की सामग्री बैनरए पाम्पलेट बरामद किया गया। पकड़े गये माओवादी विगत 5.6 वर्षो से लगातार साक्रिय होकर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के लिए कार्य कर रहे थे। थाना मिरतुर की कार्यवाही में चेरली विजगुफा के जंगल से 02 सक्रिय माओवादियों को विस्फोटक पदार्थ के साथ पकड़ा गया । शंकर कारम पिता स्व0 बोडडा कारम उम्र 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी चेरली कोकोड़ीपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर वर्ष जाति मुरिया निवासी चेरली कोकोड़ीपारा थाना मिरतुर का होना बताये । पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से टिफिन बमए कार्डेक्स वायरए जिलेटीन स्टीकए पेंसिल सेलए इलेक्ट्रिक वायर बरामद किया गया । पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से बरामद प्रतिबंधित सामग्री के परिवहन एवं रखने के सबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिये कहे जाने पर कोई दस्तावेज नही होना बताये। थाना नेलसनार एवं मिरतुर के द्वारा विधि संगत कार्यवाही करते हुऐ गिरफ्तार माओवादियों को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

## नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत शामिल गांवों में सुविधाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

**बीजापुर,2 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिले में संचालित विकास कार्यो की विस्तृत समीक्षा



करते हुए समय-सीमा की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिसके अंतर्गत नियद नेल्लानार योजनार्न्तगत शामिल गांवो में स्कूल, आंगनबाड़ी का संचालन, स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य बुनियादि सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लैब को सशक्त करने जीवनदीप समिति के माध्यम से मानव संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आश्रम छात्रावास सहित आवासीय संस्थाओं में किसी भी बच्चे संक्रामक बीमारी ग्रसित होने पर उन्हे आईसोलेट कर अलग कक्ष में रखने की व्यवस्था करे ताकि अन्य बच्चे प्रभावित न हो। साथ ही आवासीय संस्थाओं में निर्धारित मीनू के हिसाब से भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग अंतर्गत सभी राशन कार्ड धारी मुखिया एंव सदस्यों का ई-केवाइसी कराने के निर्देश दिए। शासन की योजना अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत् मिलने वाले खाद्यान्न आवश्यक सामग्री के सभी राशन कार्डधारी मुखिया एवं हितग्राही सदस्यों का ई-केवाइसी अनिवार्य है। आधार शिविर आयोजित कर आधार कार्ड अभियान के रुप में बनाने के निर्देश दिया गया। बस्तर ओलंपिक का पंजीयन 1 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है जिसका जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर पंजीयन कराने एंव समिति का गठन करने के निर्देश दिए। शासन के मंशानुसार सेवानिवृत्त के दिवस पीओपी प्रदान करने इस वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के लिए उनके सभी दस्तावेज तैयार कर सेवानिवृत्ति के दिन ही पीओपी जारी करे ताकि सेवानिवृत्ति के अगले माह से नियमित रुप से पेंशन मिल सके। बैठक में राजस्व, कृषि, उद्यानिकी, पशुधन सहित महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ श्री रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, उपनिदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व श्री संदीप बल्गा, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, सभी अनुभाग के एसडीएम , डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

## अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान



**बीजापुर,2 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर 2024 को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (एजुकेशन सिटी) बीजापुर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी.पुष्पा राव, नगरपालिका अध्यक्ष श्री बेनहुर रावतिया, श्री श्री निवास मुदलियार, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुखलाल पुजारी, सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा श्री हरिहर साहनी सहित पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें जिले के 200 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति थी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण श्री कमलेश कुमार पटेल उप संचालक बीजापुर द्वारा दिया गया। इनके द्वारा बताया कि वरिष्ठ नागरिको को समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन एवं अन्य सहायक उपकरण नियमानुसार प्रदाय की जाती है विभाग द्वारा संचालित हेल्प लाईन एवं टोल फ्री नम्बर के बारे में जानकारी प्रदाय किया गया तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिये आयोजित कार्यक्रम के बारे में बताया गया। साथ में उपस्थित अतिथि गण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अन्य जानकारी दी गई। वरिष्ठ नागरिकों के लिये स्वास्थ्य परीक्षण शिविर स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग के द्वारा किया गया। वरिष्ठ नागरिकों के अनुरुप विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरुस्कार का वितरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (स्ष्ठरू ) जागेश्वर कौशल के हाथों से वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी वरिष्ठजनों को शाल और श्री फल से सम्मानित कर उनके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

# छत्तीसगढ़ शिक्षा रत्न सम्मान से लक्ष्मीनारायण सम्मानित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 2 सितंबर** ।छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ शिक्षा रत्न सम्मान 2024 सम्मान समारोह का आयोजन सरायपाली जिला महासमुंद में किया गया। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से समाज शिक्षा पर्यावरण और साहित्य के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम बारूला के मिडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मी नारायण सेन भी सम्मानित हुए।छत्तीसगढ़ शिक्षा रत्न सम्मान 2024 सम्मान समारोह कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी की मुख्य आतिथ्य और बसना विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल की अध्यक्षता एवं सरायपाली विधायक चातुरी नंद महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, सरायपाली जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर सरायपाली नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल की विशिष्ट आतिथ्य के करकमलों से मोमेंटो प्रशस्ति पत्र और पौधा भेंट कर राज्य के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिला के शिक्षक साहित्यकार और कलाकार तथा अंचल के गण मान्य नागरिकों का गरिमामय में उपस्थिति रहा।छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के अध्यक्ष श्री भागवत राम साहू, निर्मला साहू, जितेंद्र कुमार कुर्रे, धात्रि नायक, परमानंद साहू, मनोज साहू, प्रहलाद साहू, के पूरे टीम ने समाज को संदेश दिया की धरा पर पौधा रोपित कर प्रकृति की सुंदरता को बढ़ाएं और आने वाले पीढ़ी को सुरक्षित रखें।उनको यह सम्मान मिलने पर संकुल प्राचार्य (बिजली)पूरन लाल साहू,संकुल समन्वयक भुवन यदु,प्रधान अध्यापिका प्रेरणा सेन,मन्नू लाल ध्रुव, सरस्वती साहू,गोपेश सेन, ओमनारायण सेन,ऋषि वल्लभ सेन,नागेंद्र सेन, योगी वल्लभ सेन एवं डोगेंद्र सेन ने हर्ष व्याप्त करते हुए बधाई दी।

## एटीएल कौन्दकेरा को मिला तृतीय स्थान



**फिंगेश्वर, 2 अक्टूबर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित मिलऊ दास कोसरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन द्वारा 28 एवं 29 सितम्बर को आयोजित राज्य स्तरीय टिंकरथान - 2024 प्रतियोगिता में संस्था के छात्र-छात्राएं टिंकरथान प्रतियोगिता में दिए गए थीम आधारित मॉडल निर्माण व प्रेजेंटेशन पर कार्य किया जिसमे हेल्थ केयर थीम पर छात्र निखिल साहू कुलभूषण साहू छात्रा लक्ष्मी गोस्वामी द्वारा बनाया गया प्रोजेक्ट मॉडल राज्य भर से आए टीम में से तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा अगले चरण स्टूडेंट इनोवेटर प्रोग्राम में शामिल होंगे उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के अटल टिंकरिंग लैब की इंचार्ज मीनाक्षी शर्मा ने बताया की नीति आयोग के अटल इन्नोवेशन मिशन के अंतर्गत टिंकरथान 24 बी एन यादव खेल प्रशिक्षण इंडोर स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित प्रतियोगिता में राज्य भर से प्राइवेट एवं सरकारी ए टी एल एवं नान ए टी एल स्कूल से 280 टीम शामिल हुए प्रत्येक थीम से अधिकतम 3 टीम व कुल 21 टीम का चयनित टीम अगले चरण स्टूडेंट इनोवेटर प्रोग्राम में शामिल किए जायेंगें संस्था से अन्य प्रतिभागी छात्र छात्राएं तोमेश्वरी साहू , हीना साहू, गीतांजली साहू अनीश साहू, ठमेश्वर ढीढ़ी , मयंक कोसरे , युवराज साहू और मेंटर टीचर सतीश मालवीय शामिल रहे। छात्र टीम के राज्य स्तरीय टिंकराथान 20240 प्रतियोगिता में तृतीय आने पर ए. के.सारस्वत जिला शिक्षा अधिकारी व सह जिला परियोजना अधिकारी एवम जिला नोडल बुद्धविलास सिंह सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा जिला गरियाबंद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, प्राचार्य एम आर रात्रे, पूरन लाल साहू प्राचार्य बिजली ने हर्ष व्याप्त करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं दी।

# सियान लोगों की सेवा से मिलता है पुण्य और आशीर्वाद: मुख्यमंत्री

## वृद्धजनों की भावनाओं को समझते हुए उनकी सेवा में तत्पर है छत्तीसगढ़ सरकार



**रायपुर, 2 अक्टूबर।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज सूरजपुर जिला मुख्यालय में सियान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जिले के वृद्धजनों का शॉल, श्रीफ़ल से अभिनंदन कर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज वृद्धजनों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि मैं सभी वृद्धजनों को प्रणाम करता हूँ और आप सभी से आग्रह करता हूँ कि आप वृद्धजनों की सेवा और सम्मान करें,उनके दु:ख दर्द को समझे और उन्हें अपने सेवाभाव से भरोसा दिलाए कि आप उनके साथ हैं। माता-पिता और वृद्धजनों की सेवा से आपको पुण्य और आशीर्वाद मिलेगा, खुशी मिलेगी और उनके आशीर्वाद से आप अपने मुकाम तक पहुँच पाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार सभी वर्ग के लिए योजनाएं संचालित कर रही है और योजनाओं का लाभ गरीब, मजदूरों, किसानों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 14 लाख से अधिक सियानो को छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने के लिए उनके खाते में पेंशन की राशि दी जा रही है। वृद्धजनों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ ही उनके उपचार के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बजट में 70 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की है। इसी कड़ी में हमने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि सभी वृद्धजनों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हर बुजुर्गों की इच्छा होती है कि वह अपने जीवनकाल में एक बार तीर्थ यात्रा जाएं, उनकी भावनाओं और आस्था को ध्यान रखकर हमारी सरकार ने अयोध्या में रामलला के दर्शन की व्यवस्था की है। रेल, बस के माध्यम से अयोध्या जाने और आने के अलावा भोजन, ठहरने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना से माता कौशल्या की धरती छत्तीसगढ़ के लोग अपने भाँचा राम का दर्शन करने जा पा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किसानों का भरपूर ख्याल रखा है। उनसे 3100 रुपए में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी और दो साल का बकाया बोनस की राशि भी प्रदान की है। हमारी सरकार द्वारा सरगुजा से लेकर बस्तर तक के तेंदूपत्ता श्रमिकों को लाभान्वित करने के लिए तेंदूपत्ता के प्रति मानक बोरा दर में वृद्धि कर 4000 से 5500 रुपए किया गया और 70 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक लाभ पहुँचाने महतारी वंदन योजना लागू कर महीने में एक हजार की राशि महिलाओं के खाते भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा अभी हमारी सरकार को महज नौ माह ही हुए हैं और प्रदेश के सभी वर्ग के लिए योजना बनाकर राज्य के विकास की दिशा में कार्य करते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं, आने वाले समय में यहां विकास की गति और बढ़ेगी।

## एक नजर

### 38 पौवा सहित शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 2 अक्टूबर।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 01.10.2024 को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा भैंसापसरा बलौदाबाजार में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक आरोपी शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से ?4180 कीमत मूल्य का कुल 38 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 671/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### एएसपी ने दुर्गा पंडाल अध्यक्ष एवं गरबा डांडिया आयोजकों की ली बैठक



**बलौदाबाजार 2 अक्टूबर।** पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में आगामी नवरात्र पर्व में आपसी सौहार्द, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले के समस्त दुर्गा पंडाल अध्यक्ष एवं गरबा-डांडिया आयोजकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा कहा गया कि नवरात्र पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए आप सभी का सहयोग एवं नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। धार्मिक आयोजन में किसी भी प्रकार के अभद्र, फूहड़ फिल्मी गानों एवं नृत्य का प्रदर्शन न किया जाए। सांथ ही माननीय उच्च न्यायालय, शासन प्रशासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के संबंध में बताया गया। नवरात्र पर्व एवं गरबा डांडिया कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हो सके, इसके लिए समस्त दुर्गा पंडाल समिति एवं गरबा कार्यक्रम समिति के पदाधिकारियों से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर निम्न स्पष्ट निर्देश दिए गए है।

### थलसेना अग्निवीर के लिए नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ

**बलौदाबाजार,2 अक्टूबर।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण स्टेडियम ग्राउण्ड कलेक्ट्रेट के पीछे बलौदाबाजार में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे प्रशिक्षण में शामिल हो सकते है। शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 1 अक्टूबर से 30 नवम्बर 2024 तक आयोजित की जायेगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के संबंध में अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय, बलौदाबाजार या दूरभाष क्रमांक 07727-299443 से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का शुभारंभ

**रायपुर, 2 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश में जनजातीय बहुल गांवों के समग्र विकास के लिए 02 अक्टूबर को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का झारखण्ड के हजारीबाग से शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और अन्य अतिथिगण शामिल होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी राजपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था विकासखण्ड राजपुर के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राउंड बूढ़ा बगीचा में की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय इस मौके पर वे राजपुर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिलान्यास सहित जिले में 192 करोड़ 60 लाख रूपये के 108 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इस मौके पर श्री साय विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में सामग्री तथा सहायता राशि का भी वितरण करेंगे और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जा रही योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल एडमिशन मामले में शिवसेना ने की कार्रवाई की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 2 अक्टूबर।** बलौदाबाजार जिला के सिमगा विकास खंड स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, सुहेला में दाखिल के लिए रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इस संदर्भ में जिला इकाई के उपाध्यक्ष केशव राम साहू और सचिव इंद्रजीत साहू ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिला शिक्षा अधिकारी को एक शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम सुहेला थाना व तहसील सुहेला विकास खंड सीमगा जिला बालोदाबाजार भाठापारा छत्तीसगढ़ में स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कुल संचालित है जहां दाखिला लेने के लिए प्रभारी प्राचार्य दानेश्वर कोसले एवं शिक्षक चंद्रभूषण मांडले के द्वारा पैसा मांग किया जाता है तथा पैसा दिए जाने पर ही स्कुल में दाखिला लिया जाता है इस




वर्ष 2024-25 के शैक्षणिक सत्र में कक्षा 1 एवं 2 में भर्ती लेने के लिए पालकों से प्रभारी प्राचार्य दानेश्वर कोसले एवं शिक्षक चंद्रभूषण मांडले द्वारा पैसा लिया गया है जिसका सबूत स्वरुप एक छात्र के पालक द्वारा लिखित आवेदन शिवसेना सचिव जिला बालोदाबाजार को दिया गया एवं ऑडियो भी उपलब्ध। शिवसेना ने त्वरित कार्यवाही की मांग किए हैं। स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कुल के प्रभारी प्राचार्य दानेश्वर कोसले ने बताया मेरे वॉटसअप मेसेज में पेपर कटिंग मिला उसमे पढ़ हू मैं मेरे ऊपर आरोप लगाया गया है कि लेन देन करके एडमिशन लिए हैं करके ये बेबुनियाद है इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं इसके बारे कुछ जानता नहीं और एक आया था इन्द्रजीत साहू करके मेरे पास पंद्रह बीस रोज पहले मुलाकात करना है कहके की सर यहां एडमिशन पैसा लेन देन करके लिया जाता है इसके बारे में कोई आइडिया नहीं कहके उसको बताया सर आपके अधीनस्थ कर्मचारी है वो मांडले सर उनका नाम बताया फिर , जानकारी है तो पूछ के बताऊँगा करके बोला मैं फिर अगले दिन उनसे बातचीत किया तो बताया मैं इसके बारे कुछ नहीं जानता वो सब बोल रहे है बकवास बात है द्य करके बताया गया है। शिक्षक चंद्रभूषण मांडले ने बताया ये सभी आरोप जो है बिल्कुल निराधार है झूठ है ये जबरदस्ती का आरोप लगाया जा रहा है, बच्चों के प्रवेश मे मेरा कोई गतिविधि नहीं है व्यक्ती संपर्क कर लेता है किसी से कोई चीज़ पूछ लेता है लेकिन सर्वे सर्वा तो प्राचार्य सर हैं उनके बिना अनुमती के कोई भर्ती प्रक्रिया नहीं होती द्य बताया गया है जिला शिक्षा अधिकारी बालोदाबाजार हिमांशु भारती ने फोन पर बताया कि संज्ञान मे आ गया है जांच अधिकारी नियुक्त हो गए हैं जांच के आधार पर कार्यवाही करेंगे। इस शिकायत के बाद, सभी की निगाहें जिला शिक्षा अधिकारी पर हैं कि वे इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या उचित कदम उठाते हैं। शिक्षा का क्षेत्र सभी के लिए महत्वपूर्ण है, और इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

## सीसी रोड निर्माण के लिए पांच लाख रुपए स्वीकृत

**दल्लीराजहरा 2 अक्टूबर।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा में ग्राम पंचायत अपने 15वे वित्त की राशि से सीसी रोड निर्माण के लिए जनपद सदस्य द्वारा पांच लाख रुपए स्वीकृत कर उक्त बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन जनपद सदस्य संजय बैंस एवं ग्राम के सरपंच शिव राम सिंदरामे ने किया इस अवसर पर पूजा अर्चना कर संजय बैंस ने कहा की बाजार परिसर की गलियों में सीमेंटीकरण होने से बाजार परिसर स्वच्छ और सुंदर दिखेगा कुसुमकसा बजार इस क्षेत्र का बड़ा बाजार है आस पास के ग्रामीण जन भी इस बजार में आते है बजार स्वच्छ और सुंदर व लोगो को सुविधा हो , इस उद्देश से हमारे सरपंच काम करा रहे है इस सीसी सड़क बनने से दुकान लगाने वालो के साथ राहगीरों की भी समस्या का समाधान होगा सरपंच शिव राम सिंदरामे ने कहा की हमने हमारे पंचायत निधि से बजार परिसर के लिए राशि स्वीकृति किए है हमारा उद्देश्य बजार को स्वच्छ बनाने के लिए हम ये पहल किए है सीसी सड़क बनने से फुटकर व्यवसायी सहित ग्रामीणजन के लिये सुविधा होगा इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का आभार उप सरपंच दीपक यादव द्वारा किया गया।



# प्रशासन ने कर्नाटक में फंसे 3 बच्चों,8 मजदूरों सहित 11 लोगों की कराई सकुशल घर वापसी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,2 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी के निर्देश में श्रम विभाग द्वारा ग्राम लाहोद के 3 बच्चें सहित कुल 8 बंधक मजदूरों को कर्नाटक से सकुशल घर वापसी करायी गई है। जिसमें 5 पुरुष एवं 3 महिला,बच्चो में 2 लड़का एवं 1 लड़की शामिल है। इस दौरान कलेक्टर ने आज श्रमिक बंधुओं से मुलाकात कर उनका हालचाल का जायजा लिया। श्री सोनी को बधाई देते हुए लालच बचने का सलाह दिया साथ ही स्थानीय स्तर पर बहुत से रोजगार के अवसर उपलब्ध होते है। अत: अनजान जगहो में जाने से अच्छा स्थानीय स्तर में ही रोजगार का कार्य किया जाए। आए मजदूर तोरण बंजारे ने बताया की हमें गन्ना कटाई मजदूर के नाम से लवन के पहचान वाले तेजराम पात्रे के द्वारा 10 सितम्बर को नागपुर गए, वहां सप्ताहभर काम करने के बाद 17 सितम्बर को एक अन्य ठेकेदार के द्वारा कर्नाटक राज्य मंडिया जिले के अंतर्गत ग्राम कोपल्लू में गन्ना कटाई हेतु कार्य करने लगे। मालिक द्वारा न ही रहने, खाने एवं पानी पीने की भी व्यवस्था नहीं कराई गई साथ ही मजदूरी से अधिक अतिरिक्त कार्य कराई जा रही थी। जिससे हम लोगों को बड़ी ही तकलीफ हो रही थी। हमने घर वापसी करना चाहा तो उनके द्वारा न ही हमें आने देते थे एवं बंधक बनाकर ही मजदूरी का कार्य कराते थे। बाद में हमने सोशल मीडिया के द्वारा अपनी पीड़ा साझा किए जिससे आज हम सकुशल घर वापसी हुई है। श्रम विभाग की ओर से सह श्रम निरीक्षक अभय दुबे, कोमल सिंह मरावी मजदूरों से संपर्क कर उन्हे सकुशल लाने हेतु कर्नाटक पहुंचे थे। सकुशल वापसी पर सभी मजदूरों ने कलेक्टर बलौदाबाजार- भाटापारा एवं श्रम विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। बंधक मजदूरों में तोरण बंजारे, रोहित डहरिया,चुम्मन लाल बंजारे, धनजय बंजारे, गजेंद्र कुमार घृतलहरे,सोनी घृतलहरे, मंजू बंजारे, सविता डहरिया, बच्चों में विद्या बंजारे,अधिराज,अमित शामिल है।इस मौके पर जिला श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार, श्रम निरीक्षक शशिकला साहू, सह श्रम निरीक्षक अभय दुबे, कोमल सिंह मरावी एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर गीतांजलि सिन्हा उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,2 अक्टूबर।** जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनदर्शन में आज कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या



अग्रवाल सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे। जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत सुनसुनिया के ग्रामीणों द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया के शिक्षक आशीष मरावी की स्कूल नहीं आने की शिकायत के संबध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसी तरह डोंगरीडीह निवासी द्वारा शासकीय हाई स्कूल डोंगरा को हायर सेकेण्डरी में उन्नयन करने हेतु आग्रह कलेक्टर को किया है जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसी तरह भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत हसदा के ग्रामीणों द्वारा गांव में पदस्थ पटवारी हल्का नम्बर कमल नारायण कन्नौजे के मुख्यालय में नहीं रहने एवं भाटापारा में निवासरत होने के संबंध में शिकायत की गई। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम भाटापारा को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मुड़पार म के ग्रामीणों द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

## सकारात्मक रहने से हर समस्या का समाधान निकलता है

# तनाव से मुक्ति के लिए सकारात्मक विचारों की आवश्यकता: भगवान भाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 2 अक्टूबर।** मन में चलने वाले लगातार नकारात्मक विचार वर्तमान में अनेक समस्याओं का कारण बनते है। मन के नकारात्मक विचारों से ही तनाव उत्पन्न होता है। क्षणिक क्रोध या आवेश मनुष्य को कभी न सुधरने वाली भूल कर बैठता है। क्रोध से मानसिक तनाव बढ़ता है। क्रोध से मनुष्य का विवेक नष्ट होता है । क्रोध मुर्खता से शुरू होता और कई वर्षो के बाद के पश्चाताप से समाप्त होता है। क्रोध के कारण मनोबल और आत्मबल कमजोर हो जाता है। क्रोध ही अपराधो के मूल कारण बन जाते है। इसलिए वर्तमान में तनाव से मुक्ति के लिए सकारात्मक विचारों की आवश्यकता है। उक्त उदगार ब्रह्माकुमारी संस्था के मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से आये हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने व्यक्त किया । वे स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र पर सकारात्मक विचारो से तनाव मुक्त विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई जी ने कहा कि




सकारात्मक रहने से हर समस्या का समाधान निकलता है। बुराई में भी अच्छाई देखने का प्रयास करने से मन पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि मन में चलने वाले विचारों से ही स्मृति, वृत्ति, भावना, दृष्टिकोण और व्यवहार बनता है। अगर मन के विचार नकारात्मक होंगे तो स्मृति, दृष्टि, वृत्ति, भावना, व्यवहार भी नकारात्मक बनता है। ऐसा होने से मन में तनाव पैदा होता है। मन के विचार ही वास्तव में बीज है। भगवान भाई ने सकारात्मक विचारों को तनाव मुक्ति की संजीवनी बूटी बताया। विकारों वश होने से तनाव की उत्पति होती है। नकारात्मक विचारो से विकार उत्पन्न होते है इसलिए नकारात्मक विचारो से स्वयं की रक्षा करना है। सकारात्मक विचारों का स्त्रोत आध्यात्मिकता है। उन्होंने बताया वर्तमान समय स्वयं को सकारात्मक बनाने की आवश्यकता है। सकारात्मक सोचने वाला हर परिस्थिति को स्वीकार कर विजयी बन सकता है। उन्होंने बताया कि तनाव से नशा व्यसन आदि बुरी आदते लगती है जिससे हमसे भूले होने कि संभावनाए है। राम गिडलानी छत्तीसगढ़ कांग्रेस राज्य सेक्रेटरी जी ने बताया कि जीवन को रोगमुक्त,दीर्घायु, शांत व सफल बनाने के लिए हमें सबसे पहले विचारों को सकारात्मक बनाना चाहिए। हमारे विचार सकारात्म है तो उसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा । छम्मनलाल खूबचंदानी जी ने कहा सकारात्मक सोच बनाकर जीवन को सफलता दिलाते है। इसीलिए अपने सोच को सदा सकारात्मक रखें। हीरानंद हरिमानी जी कहा कि सकारात्मक चिंतन से सहनशीलता आती जिससे कई समस्याओं का समाधान हो जाता है। मन के विचारों का प्रभाव वातावरण पेड़-पौधों तथा दूसरों व स्वयं पर पड़ता है। स्थानीय राजयोग सेवा केन्द्र की संचालिका बी के रिंकी बहनजी ने कहा राजयोग के नित्य अभ्यास से ही हमारा मनोबल और आत्मबल बढ़ता है। उन्होंने ने बताया हम कोन ,परमात्मा कोन राजयोग का महत्व भी बताया। उन्होंने ने कहा कि वर्तमान की परिवेश में हर एक को किसी न किसी बात का तनाव जरूर होता है। कार्यक्रम में सिन्धी समाज के तरफ से बी के भगवान भाई नारियल और शाल ओढ़कर सन्मान किया किया गया। कार्यक्रम कि शुरुवात दीप प्रज्वलन से और स्वागत से किया गया। भगवान भाई ने मनोबल, आत्मबल बढ़ाने के लिए राज योग भी कराया।

## मॉडल ब्लड सेंटर में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**रायपुर. 2 अक्टूबर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड सेंटर द्वारा राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस के अवसर पर विविध स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 75 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर के प्रमुख आयोजन स्थलों के रूप में जय स्तंभ चौक स्थित मुख्य डाकघर, सुंदर नगर स्थित रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया तथा मॉडल ब्लड सेंटर शामिल रहा। इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय के स्वैच्छिक रक्तदाता के रूप में चिकित्सकों एवं मेडिकल छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। मॉडल ब्लड सेंटर के इंचार्ज डॉ. अमित कुमार भारद्वाज और मेडिकल ऑफिसर डॉ. अविरल मिश्रा के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

## समाचार संक्षेप

### तिल्दा राज में राज प्रधान के चुनाव को लेकर दिलचस्प मुकाबला





**तिल्दा नेवरा 2 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रीय समाज के तिल्दा राजप्रधान के लिए 93 गाँव के 29 हजार मतदाता 20 अक्टूबर को करेंगे मतदान। छत्तीसगढ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के 20 अक्टूबर को होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशियों का सघन जनसंपर्क लगातार जारी है। तिल्दा राज में दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है, साथ ही बता दें कि समाज का यह बहुत बड़ा चुनाव है, जिसमें तिल्दा राज के 93 गांव के लगभग 29000 मतदाता 20 अक्टूबर को मतदान करेंगे। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रीय समाज के तिल्दा राजप्रधान के लिए ठाकुर राम वर्मा एवं खेमनाथ नायक के बीच सीधा मुकाबला है, दोनों ही प्रत्याशी गांव-गांव जाकर स्वजातियों के घर-घर जनसंपर्क कर अपने पक्ष में माहौल बना रहे हैं, साथ ही तिल्दा राज में 93 गांव हैं और दोनों ही प्रत्याशी सघन जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। वहीं तिल्दा राज में लगभग 29000 मतदाता हैं जो की 20 अक्टूबर को अपने-अपने गांव में मतदान करेंगे। वहीं तिल्दा राज सहित केंद्रीय अध्यक्ष के लिए भी इसी दिन मतदान किया जाएगा। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष के लिए कुल 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है जिनमे अजित मढरिया उर्फ बजरंगी, चंद्रशेखर परगनिहा, दशरथ वर्मा, खोड़स राम वर्मा, सरोज चंद्रवंशी, उमाकांत वर्मा शामिल है और वे भी लगातार जनसंपर्क कर अपने-अपने प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं।

### बुजुर्गो का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



**बलौदाबाजार,2 अक्टूबर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा आज नगर भवन में बुजुर्गो का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न विकासखंड से आएं 155 बुजुर्गो का सम्मान फूल,श्रीफल एवं साल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा,कलेक्टर दीपक सोनी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी उपस्थित रहे। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी वृद्धजनों से मिलकर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई देते हुए उनके हाल चाल का जायजा लिया। उक्त कार्यक्रम में सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य,नशा मुक्ति अभियान एवं पारिवारिक विवाद के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर 34 किसानों को खरीफ वर्ष का बीमा पालिसी प्रदान किया गया है। इस मौके पर उप संचालक कृषि दिलीप नायक, सखी वह स्टॉप सेंटर से सुश्री तुलिका परगाहनिया,स्वास्थ्य विभाग को टीम सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नशामुक्ति के लिए शिविर आयोजित



**बलौदाबाजार,2 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले के युवाओं को नशा से बचाने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किए जा रहे है। इसी तारतम्य में आज पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत वटगन में स्थित शासकीय नवीन महाविघालय एवं शासकीय स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 320 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीडित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुडाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है,शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब गांजा.मांग. अफिम,जर्दा, गुटखा,तम्बाकू और घुमपान सहित चरस,स्मैक,कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। गौरतलब है की मादक द्रवों के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशा मुक्त बनाने के उददेश्य से 15 अगस्त 2020 को नशामुक्त भारत अभियान (हस्क्ष्क) की शुरुवात की गई. जिसके तहत देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे अधिक संवेदनशील 272 जिला की पहचान की गई। इस कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं को नशा से दूर रहने के नियम और निती पूर्ण बातों का जानकारी देतें हुए बचें रहने की सलाह भी दिये गये। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल सखी वन स्टॉप सेंटर सुश्री तुलिका परघनिया सहित समाज कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1165.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 2 अक्टूबर ।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1165.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 02 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2377.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1731.2 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 955.0 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1099.9 मिमी, महासमुंद में 969.6 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 996.0 मिमी, मुंगेली में 1115.5 मिमी, रायगढ़ में 1109.2 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.4 मिमी, सक्ती 1062.0 मिमी, कोरबा में 1418.9 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

### श्रम यशस्वी पुरस्कार के लिए 10 अक्टूबर तक अनुशंसाएं आमंत्रित

**रायपुर 2 अक्टूबर।** प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में उत्कृष्ट उल्लेखनीय कार्य वाले व्यक्ति/संस्था को स्वर्गीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्मृति श्रम यशस्वी पुरस्कार दिया जाता है। जिसके अंतर्गत 2 लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे श्रमिक/संस्था जिन्होंने श्रम के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 में किए गए उल्लेखनीय योगदान के आधार पर चयनित किया जाएगा, मजदूरों की सुरक्षा स्वास्थ्य की दिशा में विशेष कारगर उपाय किया हो, जिसके फ्लस्वरूप आलोच्य वर्ष में कोई गंभीर दुर्घटना न हुई हो एवं सुरक्षा के नियमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया हो, जिससे प्रदेश का नाम श्रम जगत में गौरान्वित हुआ हो के द्वारा 10 अक्टूबर 2024 तक श्रम विभाग की वेबसाईट में दी गई लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। श्रम यशस्वी पुरस्कार के संबंधित नियम, अहर्ताएं, प्रक्रिया, आवेदन प्रपत्र आदि श्रम विभाग की से डाउनलोड की जा सकती है।



**रायपुर 2 अक्टूबर।** गांधी जयंती पर सीएम विष्णुदेव साय और सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और इसके बाद सदर बाजार इलाके में झाड़ू लगाई।

### शारदीय नवरात्रि में प्रमुख चिन्हांकित स्थानों पर लगेंगे चिकित्सा शिविरः जायसवाल

**रायपुर, 2 अक्टूबर।** स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रदेश के प्रमुख चिन्हांकित स्थलों पर आमजनों की सुविधा हेतु चिकित्सा शिविर लगाए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। निर्देश का पालन करते हुए आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के द्वारा प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को पत्र जारी किया है। इसके अनुसार तीन अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि का पर्व आरंभ हो रहा है। प्रदेश में नवरात्रि के पर्व में आमजनों द्वारा पंचमी से लेकर दशहरा तक आम दिनों की तुलना में ज्यादा आवागमन होता है। अतः स्वास्थ्य विभाग को ऐसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों का चिन्हांकन करते हुए जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर विकासखण्ड स्तर पर चिकित्सा शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है।

## कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करें: केदार कश्यप



**रायपुर 2 अक्टूबर।** जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने आज नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने की सख्त हिदायत दी। मंत्री कश्यप ने बैठक में सभी मुख्य अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के 100 दिवस के भीतर टेंडर लग जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लेट लतीफी और लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया में विलंब होने पर जिम्मेदारी तय कर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मंत्री कश्यप ने जशपुर जिले के कुनकुरी में नया कार्यपालन अभियंता कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी। मंत्री कश्यप ने बिलासपुर और सरगुजा के मुख्य अभियंताओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं का टेंडर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बांध सुरक्षा संबंधी कार्यो के बजट का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कंसलटेंट, सार्वजनिक उपक्रम को लगाकर कार्य-योजना बनाकर कार्य में तेजी लाने तथा भू-जल सॉफ्टवेयर स्मार्ट मीटर का काम दिसम्बर तक पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता कार्यालय जगदलपुर एवं राज्य जल सूचना केन्द्र की स्थापना के संबंध में भी चर्चा की गई। मंत्री कश्यप ने विभाग की सभी बड़ी योजनाएं को पीएफआईसी से अनुमोदित कराकर प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने और आगामी तीन माह में टेंडर लगवाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में रिक्त पदों पर भर्ती और पदोन्नति, कुनकुरी में नये अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी कार्यालय के शुभारंभ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। सोलर पावर प्रोजेक्ट, जल संसाधन विभाग की सम्पतियों का व्यवसायिक उपयोग हेतु नीति, बांधो से गाद निकालने हेतु डेऊजिंग पॉलिसी बनाने, वन विभाग में लंबित व्यपवर्तन प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जल संसाधन सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके, मुख्य अभियंता सर्वएस व्ही. भागवत, के.एस गुरूवर, एस.के.टीकम, डी. के. उमेरकर, आर. के. इंदवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मेरे विधायक बनने के बाद ग्रामीण विस में 50 करोड़ के कार्य स्वीकृत: साहू

**रायपुर 2 अक्टूबर।** ग्रामीण विधानसभा के विधायक मोतीलाल साहू ने प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने और उनके विधायक बनने के बाद ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 50 करोड़ के निर्माण कार्यों की स्वीकृति कराई गई है. इनमें से कुछ काम शुरू हो चुके हैं और कई होने वाले हैं. इस अवसर पर साहू ने प्रेस क्लब के कांफ्रेस हाल के जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की. पत्रकारों के सवालों का जवाब देने हुए विधायक श्री मोतीताल साहू ने बताया कि पूरे प्रदेश में उनका विधानसभा क्षेत्र बिल्कुल अनोखा है. ग्रामीण विधानसभा का क्षेत्र शहर के चारों को फैला है. इसके दायरे में 14 ग्राम पंचायत, 1 नगर पंचायत, रायपुर नगर निगम के 15 वार्ड और बीरगांव नगर निगम सहित औद्योगिक क्षेत्र आते हैं. चूंकि क्षेत्र बड़ा और चारों ओर फैला हुआ है, इसलिए सबकी नजर ग्रामीण क्षेत्र पर टिकी है. क्षेत्र में समस्याएं भी कई हैं. लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं. सड़क, बिजली, पानी की कमी है. इन सभी




समस्याओं को अब दूर किया जा रहा है. क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को लेकर लगातार काम किया जा रहा है. इस अवसर पर श्री साहू ने अपनी सामाजिक और राजनीतिक जीवन से जुड़ी कई रोचक जानकारियां पत्रकारों के साथ साझा कीं. रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डा. वैभव शिव पांडेय ने प्रेस क्लब को पांच लाख रुपए दिए जाने की घोषणा को लेकर श्री साहू के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया. इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव अरविंद सोनवानी समेत बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे.

रायपुर शहर का तेजी से विस्तार हुआ है, क्या इसके महानगर पालिका बनाने की जरूरत है? इस सवाल के जवाब में श्री साहू ने कहा कि रायपुर शहर को महानगर पालिका बनाने की जरूरत है या नहीं यह काम मेयर इन कौंसिल और सरकार के हिसाब से होगा. पर यहां अभी बहुत ज्यादा काम करने की जरूरत है. घनी आबादी वाले शहर में ड्रेनेज की समस्या एक अरसे से रही है. शहर के कुछ इलाकों में सफाई की गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही हैं. कई क्षेत्रों में पेयजल की समस्या लगातार बनी रहती है. इन सभी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया गया है. इन सभी क्षेत्रों में अभी बहुत काम करने की जरूरत है.श्री साहू ने कहा है कि 12 हजार अस्थायी विद्युत कनेक्शन उन्हें उपहार के रूप में मिले हैं. इससे लोग परेशान हैं।

## महात्मा गांधी का जीवन जैन दर्शन से प्रभावित रहा




**रायपुर 2 अक्टूबर।** आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी , भैरव सोसायटी में स्वार्थसिद्धि योग में 21 परिवारों ने दादागुरुदेव की बड़ी पूजा सम्पन्न की । आज गांधी जयंती के अवसर पर सकल जैन समाज ने राष्टपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा पूर्वक नमन किया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि महात्मा गांधी का जीवन जैन दर्शन व जैन गुरुभगवंतों से प्रभावित रहा है । महात्मा गांधी ने भगवान महावीर स्वामी द्वारा प्रतिपादित सत्य अहिंसा सहनशीलता व क्षमा गुणों पर चलकर देश को आजादी दिलाई थी । आज गांधी जयंती , स्वार्थ सिद्धि अमावस्या योग पर कृतज्ञ जैन समाज ने भी दादागुरुदेव की बड़ी पूजा कर राष्ट्रपिता को नमन किया । 2 अक्टूबर को स्वार्थसिद्धि योग अमावस्या के पावन अवसर पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा कर छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि हेतु मंगल प्रार्थना की गई उक्ताशय की जानकारी श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष सन्तोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने दी । सर्वप्रथम चारों दादागुरुदेव की वेदी प्रतिमाओं के सम्मुख अष्ट प्रकारी पूजा का विधान होगा । अध्यक्ष सन्तोष बैद , वर्धमान चोपड़ा , दीप्ती बैद , विवेक बैद , निर्मल पारख मंजू कोठारी द्वारा बड़ी पूजा का विधान सम्पन्न किया गया ।

### कांग्रेस के तीनों राज्यसभा सांसद न्याय पदयात्रा में शामिल क्यों नहीं हुएः भाजपा

**रायपुर 2 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कांग्रेस की न्याय पदयात्रा में कांग्रेस के प्रदेश से चुनकर भेजे गए तीनों राज्यसभा सांसदों की गैर-मौजूदगी पर कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोला है। श्री अग्रवाल ने कहा कि एक ओर जहाँ कांग्रेस के नेता अपनी तथाकथित पदयात्रा के फ्लॉप होने से हताश होकर अब अपने प्रदेश प्रभारी और अभा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बुलाने के लिए मजबूर हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपने राज्यसभा सांसदों के गैर-हाजिर होने पर एक शब्द तक नहीं बोल पा रहे हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि उनकी न्याय पदयात्रा में आखिर कांग्रेस शासन में कांग्रेस से चुनकर भेजे गए तीनों राज्यसभा सांसद रंजीता रंजन, राजीव शुक्ला और के.टी.एस. तुलसी शामिल क्यों नहीं हुए? क्या ये तीनों सांसद इसे न्याय यात्रा नहीं मानते? या, वे यह अच्छी तरह जानते हैं कि यह कांग्रेस की सिर्फ राजनीतिक जमीन तलाशने का स्टंट मात्र है!

श्री अग्रवाल ने जानना चाहा कि क्या तीनों कांग्रेस सांसद यह मानकर चल रहे हैं कि यह छत्तीसगढ़ की जनता से न्याय वाला कोई विषय है ही नहीं, यह कोई गंभीर मसला नहीं है। क्या स्वयं कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें यात्रा से दूर रहने के लिए कहा है क्योंकि जैसे ही तीनों सांसद यहाँ आ जाएंगे तो छत्तीसगढ़वासियों को अपने साथ किया हुआ वह अन्याय याद आ जाएगा, जब छत्तीसगढ़वासियों का हक मारकर अन्य प्रदेशों के इन तीनों लोगों को राज्यसभा सदस्य बनाया गया। इस बात का जवाब बैज को देना चाहिए।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26